डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
14 अक्टूबर 2023 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
33 अधिकतम
20 न्यूनतम




## इजराइल : आज और आक्रामक

# गाजा पर ऑपरेशन आयरन हुआ शुरू



**नई दिल्ली/तेल अवीव , एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच जारी जंग के आठवें दिन आज दोनों तरफ से एक दूसरे पर रॉकेट से लगातार हमले किए जा रहे हैं। अभी तक इस जंग में दोनों तरफ से 3200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इजरायली सेना अब गाजा पट्टी में उतरकर हमास के खिलाफ ऑपरेशन करने की तैयारी में है। करीब 11 लाख लोग यहां से पलायन कर चुके हैं। इजरायल ने ऐलान किया है कि वह हमास का खात्मा करके रहेगा। इस बीच आईडीएफ ने पुष्टि की है कि गाजा में हमास के लड़ाकों द्वारा अभी भी उसके 120 से अधिक नागरिकों को बंदी बनाया गया है। ऐसे में अब इजरायल के सामने असल चुनौती अपने बंदी बनाए गए नागरिकों की सुरक्षित रिहाई भी है। इजरायली सेना के 'ऑपरेशन स्वोर्ड्स ऑफ आयरन' का लक्ष्य गाजा में सेना द्वारा पहले किए गए किसी भी एक्शन से कहीं अधिक बड़ा नजर आ रहा है। हालांकि गाजा पट्टी पर ऑपरेशन करना इतना आसान नहीं होगा क्योंकि यह घनी आबादी वाला क्षेत्र है जिससे नागरिकों की जान का जोखिम बना रहता है। हवाई हमलों में पहले ही सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है

# बांस में लटकाकर शव ले जाते देख पसीजा लोगों का दिल

**प्रयागराज , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिल को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां झूंसी में महिला की मौत के बाद पिता और पति उसके शव को बांस में लटकाकर अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। रास्ते से गुजर रहे कुछ राहगीरों का दिल पसीज गया। उन्होंने रोककर उनसे जानकारी ली और कुछ पैसों की मदद कर ई-रिक्शा से पार्थिव शरीर को गंगा घाट तक भेजने की व्यवस्था की। मौके पर झूंसी पुलिस भी पहुंच गई। इस बीच किसी ने उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। जो तेजी से वायरल हो गया। करीब 30 सेकेंड के वायरल



वीडियो में देखा जा सकता है कि दो लोग एक डंडे पर कपड़ा बांधकर उसमें शव रखकर ले जा रहे हैं। बताया जाता है कि पैसे की तंगी की वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। मृतका की उम्र 26 के आसपास थी और वह बीमार थी।

## टिकट के पहले जमावट



**भोपाल।** कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा ने टिकट सूची आने के पहले अपनी फील्डिंग शूरू कर दी है। आज सुबह उन्होंने एकांत पार्क में सैर करने वालों से मुलाकात की।

## नवरात्र की शुरुआत के साथ कांग्रेस-भाजपा नए सिरे से मैदान में उतरने को तैयार

# दोनों तरफ से स्क्रीनिंग सख्त टिकट बचाने में जुटे विधायक




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपने प्रत्याशियों की बहुप्रतीक्षित सूची कल सुबह जारी कर सकती है। जबकि कल शाम भाजपा की पांचवीं सूची के भी आसार हैं। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने अब तक करीब डेढ सौ नामों पर चर्चा करके सहमति बना ली है। पहली सूची में सौ से ज्यादा नामों की संभावना है और दूसरी सूची 17 अक्टूबर को आ सकती है। सूत्र बताते हैं कि दिल्ली में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति और फिर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई, इसमें मप्र के सभी नेताओं ने साठ नामों पर सहमति बना ली है। आज दोपहर को फिर बैठक हो रही है जिसमें स्क्रीनिंग कमेटी को करीब साठ और सीटों पर सहमति बनाना है। कांग्रेस के करीब आधा दर्जन विधायकों के टिकट पर खतरा मंडराया है, इनका फैसला अंतिम सूची में किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो पार्टी ने बीते एक सप्ताह में बुंदेलखंड,मालवा और महाकोशल के दो दर्जन विस क्षेत्रों में 'रेंडम सर्वे' कराया है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर ही दूसरी सूची के नाम हाइकमान तय करेगा। बताया जाता है कि कुछ नामों पर एकराय नहीं बनी तो उनके टिकट का फैसला नामांकन भरने की अवधि तक भी खिंच सकता है।







## कमलनाथ के संपर्क में केदारनाथ



जानकार सूत्रों का कहना है कि सीधी से भाजपा के सीनियर विधायक केदारनाथ शुक्ला अब कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के संपर्क में हैं। शुक्ल अपना टिकट कटने से नाराज हैं और महापंचायत तक कर चुके हैं। हालांकि शुक्ल को लेकर कांग्रेस भी पेशोपेश में है। दोनों ही पक्षों के बीच अभी कोई अंतिम सहमति नहीं बनी है।

## आध्यात्मिक यात्रा के बाद शक्तिसाधना करेंगे शिवराज



उधर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह उत्तराखंड की अपनी आध्यत्मिक यात्रा के बाद से भोपाल में अपने निवास पर ही हैं, सूत्रों का कहना है कि वे चुनाव को लेकर रणनीतियों और नेताओं के साथ मुलाकातें कर रहे हैं। कल नवरात्रि पर शक्तिपर्व की शुरूआत के दिन वे किसी देवी पीठ पर जा सकते हैं। बताया जाता है कि देर शाम वे भोपाल में किसी चुनाव क्षेत्र में भी पहुंच सकते हैं। अब तक वे भोपाल उत्तर,हुजूर और गोविंदपुरा क्षेत्र में चुनाव सभा व रोड शो कर चुके हैं।

### शाम को बैठक

## भाजपा सूची में होंगे पचास से ज्यादा नाम

इधर भाजपा की पांचवी उम्मीदवार सूची कल शाम तक आने के आसार बन रहे हैं। इससे पहले आज एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है,जिसमें उम्मीदवारों के संबंध में विचार होगा।जानकार सूत्रों का कहना है कि भाजपा कुछ क्षेत्रों में कांग्रेस के ऐलान का भी इंतजार कर रही है, इसके बाद वह अपने सभी बाकी उम्मीदवारों के भी नाम सामने लाएगी। भाजपा को अभी 93 नामों पर फैसला करना है। माना जाता है कि अधिकांश क्षेत्रों में वह उम्मीदवारों को लेकर 'अंतिम फैसला' कर चुकी है, कुछ 'प्रायोगिक नामों' को लेकर वह कांग्रेस की पहली सूची की प्रतीक्षा में है।

## बेंगलुरू में आयकर छापा, चुनावी राज्यों के लिए धन इकट्ठा करने की थी सूचना

# भाजपा सरकार पर 40%कमीशन का आरोप लगाने वाले ठेकेदार से मिले रुपए 42 करोड़

**बेंगलुरु, एजेंसी।** आयकर विभाग ने बेंगलुरु के जिस फ्लैट में छापेमारी की थी उसमें बिस्तर के नीचे करोड़ों की नकदी मिली है। आयकर अधिकारी मामले के सिलसिले में एक पूर्व महिला पार्षद और उसके पति से पूछताछ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि विभाग को सूचना थी कि पांच राज्यों, खासकर राजस्थान में विधानसभा चुनावों के लिए फंडिंग के लिए बेंगलुरु में सोने के आभूषण विक्रेताओं और अन्य स्रोतों से बड़ी मात्रा में धन इकट्ठा किया जा रहा है। इसके बाद आयकर विभाग शहर में छापेमारी कर रहा है।



इसी सिलसिले में बेगलुरू के आरटी नगर के पास आत्मानंदा कॉलोनी स्थित एक फ्लैट में छापेमारी के दौरान 42 करोड़ रुपये की नकदी मिली। सूत्रों ने बताया कि बिस्तर के नीचे 23 बक्सों में 42 करोड़ रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोट रखे हुए थे। फ्लैट खाली था और वहां कोई नहीं रहता था, हालांकि, आईटी अधिकारी फ्लैट मालिक के विवरण के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। विभाग ने अभी तक आधिकारिक तौर पर बयान जारी नहीं किया है। मगर यह सामने आ रहा है कि कॉलोनी में बीबीएमपी की पूर्व पार्षद अश्वथम्मा और उनके पति आर अंबिकापति के फ्लैट से 40 करोड़ रुपये से अधिक का कैश मिला है। अंबिकापति दो बीबीएमपी सिविल ठेकेदार संघों में से एक के अध्यक्ष हैं और डी केम्पन्ना की अध्यक्षता वाले कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ के उपाध्यक्ष हैं। अंबिकापति ने ही आरोप लगाया था कि पिछली सरकार (बीजेपी) सभी परियोजनाओं पर 40प्रतिशत कमीशन ले रही थी।

## भारत व श्रीलंका के बीच शुरू हुई फेरी सेवा

**चैन्ने एजेंसी।** तमिलनाडु के नागपट्टिनम और श्रीलंका के कांकेसंथुराई के बीच फेरी सेवा की शुरूआत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत श्रीलंका संबंधों को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। उन्होंने उद्घघाटन समारोह में भारत-श्रीलंका के संबंधों पर कहा, 'भारत और श्रीलंका संस्कृति, वाणिज्य और सभ्यता का गहरा इतिहास साझा करते हैं। हम भारत और श्रीलंका के बीच राजनयिक और आर्थिक संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। यह नौका सेवा उन सभी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को जीवंत बनाती है।' मोदी ने कहा, 'कनेक्टिविटी के लिए हमारा दृष्टिकोण परिवहन क्षेत्र से परे हैं।



## हाजीपुर से रीना.. चाचा भतीजे में जंग

**वैशाली एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव करीब छह महीने में होने वाले हैं लिहाजा बिहार में इसे लेकर सियासी उठापटक लगातार जारी है। खास तौर से बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में ही दो दल ऐसे हैं जो आपस में भी भिड़ते दिख रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान और राष्टीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति पारस आमने- सामने आ गए हैं। चाचा-भतीजे की ये जंग हाजीपुर सीट को लेकर है। दरअसल, चिराग की कोशिश हाजीपुर सीट से अपनी मां रीना पासवान को उम्मीदवार बनाने की है। यहां से पहले उनके पिता स्व रामविलास जीता करते थे। मगर चाचा पशुपति पारस अपनी संसदीय सीट छोड़ने को तैयार नहीं दिख रहे। यही वजह है कि उन्होंने भतीजे के इस दांव को फेल करने के लिए धमकी दे दी है और कहा है कि यदि रीना को चुनाव लडाया गया तो वे जमुई में भी उम्मीदवार उतारेंगे।

**मेट्रो एंकर**



## वर्ल्डकप का महामुकाबला आज अहमदाबाद में

# टॉस के बाद जो दबाव झेल जाएगा,जीत जाएगा!

**आलोक गोस्वामी**

दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में आज हजारों दर्शकों की मौजूदगी में भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना क्रिकेट प्रेमियों के लिये उत्सुकता व रोमांच पैदा कर रहा है। वर्ल्डकप की इस पहली जोरदार भिडंत के पहले दोनों ही टीमों ने टूर्नामेंट में अपने अभी तक के दोनों मैच जीते हैं। वैसे पिछ्ले कुछ महीनों में ही इन चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच यह तीसरा महामुकाबला है। हाल ही में एशिया कप में हुए 2 मुकाबलों में से 1 मैच में टीम इंडिया ने जीत हासिल की थी,जबकि दूसरा मैच बारिश की वजह से पूरा नहीं हो सका था। ऐसे में दोनों देशों के करोड़ों-अरबों क्रिकेट फैंस की निगाहें वर्ल्ड कप के इस अहम मैच पर टिकी हैं।

अगर हम वर्ल्ड कप का इतिहास देखें तो फिर साल 1992 से लगातार 7 शिकस्त झेल चुकी पाकिस्तान को अभी भी भारत के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप में अपनी पहली जीत का इंतजार है। आज मुकाबला जीतने वाली टीम का आत्मविश्वास व मनोबल पूरे वर्ल्ड कप में एक्स्ट्रा टॉनिक का काम कर सकता है। अगर आज होने वाले महामुकाबले में अंतिम एकादश के चयन पर नजर डालें तो फिर एक ओर जहां पाकिस्तान टीम श्रीलंका के खिलाफ वाले विनिंग कॉम्बिनेशन के साथ ही मैदान में उतर सकती है, वहीं टीम इंडिया में भी शुभमन गिल की वापसी तय है। टीम इंडिया के लिहाज से बस यही देखना दिलचस्प रहेगा कि 8 नम्बर के बल्लेबाजी विकल्प के तौर पर शार्दुल,अश्विन ओर शमी में से किसको मौका मिलता है। वैसे टॉस की भूमिका भी आज के मैच काफी अहम रहने वाली है। भले ही इस वर्ल्ड कप में अब तक हुए मैचों में टॉस जीतने वाले कप्तान ने पहले गेंदबाजी विकल्प चुना हो,लेकिन दूसरी पारी में जिस तरह दूधिया रोशनी में तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है,उसको जेहन में रखते हुए दोनों ही कप्तान पहले बल्लेबाजी का फैसला ले सकते हैं। वैसे भी दोनों टीम के बीच होने वाले वर्ल्ड कप मुकाबले में किसी भी स्कोर को चेस करने में बल्लेबाज पर अतिरिक्त दवाब रहता है। दोनो टीमों के बीच का वर्ल्डकप का इतिहास भी यही बयां करता है,क्योंकि पाकिस्तान को मिली 7 में से 6 बार चेस करने की नाकामी से ही हार मिली है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि अहमदाबाद की पिच सपाट व बल्लेबाजी के लिए मददगार साबित होगी, लेकिन जब मुकाबला भारत पाकिस्तान के बीच होता है तो उसमें जीत उसी टीम को मिलती है जिसके खिलाड़ी खेल के साथ ही उसके दवाब को बेहतर ढंग से झेलने में कामयाब होते है।



# पति ने किया पत्नी मानने से इंकार, महिला बोली: इन्ही की है 12 साल की बेटी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

दंपति के बीच कलह का एक अनोखा मामला राजधानी के निजी काउंसलर्स के पास पहुंचा है। जहां पति ने एक महिला को पत्नी मानने और पहचानने से साफ इंकार कर दिया है। पति का कहना है कि वह पहले से शादीशुदा है और उसकी पत्नी और बच्चे हैं। जबकि महिला ने सबूत पेश करते हुए कहा है कि उसकी शादी को 15 साल हो चुके हैं और पति से 12 साल की बेटी की है। मामले में पत्नी ने गुहार लगाई है कि पति को समझाया जाए ताकि पति उसका व बेटी के भरण-पोषण का खर्चा उठाए।



**महिला ने लगाई पति को समझाने और भरण-पोषण दिलाए जाने की गुहार**

**मामले में दोनो पक्षों की निजी काउंसलर्स के माध्यम से की जा रही काउंसलिंग**

### दो शादियों का है पूरा मामला, पहली पत्नी की हैं दो बेटियां

मामले में पति की पहली शादी को करीब 32 साल हो चुके हैं और दो बेटियां हैं। पहली पत्नी भी नौकरी में है। मामले में पति का कहना है कि वह अपने परिवार के साथ खुश है और महिला को नहीं जानता है। ऐसे में वह अपनी मेहनत की कमाई उन पर क्यों खर्च करे।

### महिला के पहले पति की हो चुकी है मृत्यु

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पति सरकारी नौकरी में कार्यरत है। महिला के पहले पति की मृत्यु हो चुकी है और पहले पति से उसे 5 बेटे हैं। दूसरे पति से एक बेटी है, जिसकी उम्र करीब 12 साल है। महिला का आरोप है पहले पति की मौत के बाद उसकी मुलाकात दूसरे पति से हुई थी। दोनो की बातचीत बड़ी और दोनो ने शादी कर ली। महिला ने शादी का प्रमाण पत्र, फोटो सहित अन्य दस्तावेज भी सामने रखे हैं। महिला का कहना है कि वह अपने हक के लिए न्यायालय में केस लगाएगी।

### बेटी की थी चाहत, बेटी हुई तो विवाद शुरू हो गया

महिला के अनुसार, उसे पति की पहली पत्नी और उसके बच्चों की जानकारी थी और उन्हे इस शादी की जानकारी थी। पति को पहली पत्नी से दो बेटियां हैं, लेकिन वह बेटा चाहता है। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा है, लेकिन जब बेटी हुई तो विवाद शुरू हो गया। पति ने धीरे-धीरे दूरियां बनाई और अपना तबादला करा लिया। अब पति न तो उसका खर्च उठा रहा है और न ही बेटी के पालन पोषण में कोई मदद कर रहा है। यहां तक कि पति ने उन्हे पहचानने से भी इंकार कर दिया है।

---

### बस-टैक्सी में पकड़े जाने का भय था, इसलिए....

# शताब्दी एक्सप्रेस से भोपाल लाई गई 37 किलो चांदी बरामद

## भोपाल रेलवे स्टेशन पर पकड़ाया संदिग्ध व्यक्ति

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**विधानसभा के चलते जगह-जगह जांच पड़ताल चल रही है। खासकर बस-टैक्सी में आने-जाने वालों पर खास नजर रखी जा रही है। जिसकी वजह से नगद राशि लेकर इधर-उधर जाने वाले इन दिनों ट्रेनों का सहारा ले रहे हैं। ऐसे ही एक संदिग्ध व्यक्ति शताब्दी एक्सप्रेस की मदद से 37 किलो चांदी मथुरा से भोपाल लेकर पहुंचा था। जिसे आरपीएफ व जीआरपी की टीम ने जांच के दौरान दबोच लिया।**



### प्लेटफार्म एक पर बैठा था चांदी लेकर

गुरुवार को जीआरपी भोपाल ने मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से साढ़े 37 किलो चांदी की पायल के साथ पकड़ा है। चांदी की कीमत करीब 17 लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने चांदी जप्त कर आयकर विभाग और चुनाव आयोग को सूचना दे दी है।जाआरपी भोपाल थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निदेश पर ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग की जा रही है। गुरुवार दोपहर इसी क्रम में प्लेटफार्म नंबर-1 पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। वह पुलिस टीम से नजर बचाकर रेलवे स्टेशन के बाहर जाने का प्रयास कर रहा था। उसके पास एक पिट्ठू बैग और ट्राली बैग था। तलाशी ली गई तो उसमें चांदी की पायल मिली। इन पायलों की वजन करीब 37 किलो 772 ग्राम है और कीमत करीब 17 लाख रूपए आंकी गई है। मामले में शिवानी होम बायपास रोड करोंद निशातपुरा के रहने वाले मोहन मारन के रूप में की गई है। पुलिस ने जब उससे भारी मात्रा में चांदी के बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि वह सोने-चांदी की मार्केटिंग करता है।

### इधर हरियाणा से लेकर आया था शराब, स्टेशन पर पकड़ाया

इधर हरियाणा से अंग्रेजी शराब की बोतल लेकर ट्रेन के माध्यम से भोपाल पहुंचे एक युवक को आरपीएफ व जीआरपी ने पकड़ा है। गुरुवार दोपहर को भोपाल रेलवे स्टेशन में नए ब्रिज के ऊपर एक युवक की भूमिका कुछ संदिग्ध दिखी। संदेह के आधार पर उसके पास रखे पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई। उसमें से महंगी अंग्रेजी शराब की 12 बोतल बरामद हुई। युवक की पहचान सत्यपाल पुत्र दयाराम कुकरेजा के रूप में हुई। मूलतः दतिया का रहने वाला सत्यपाल भोपाल में अशोकागार्डन क्षेत्र में रहता है। बरामद शराब की कीमत 24 हजार रुपये बताई जाती है।

---

### नवरात्रि से पहले प्रतिमाओं को फाइनल टच



नवरात्रि के चलते मां दुर्गा की प्रतिमा को कलाकारों ने अंतिम रूप दिया।

---



### पूर्वजों की आत्मशांति के लिए किया तर्पण

भोपाल। श्राद पक्ष के चलते लोगअपने पूर्वजों की आत्मशांति के लिए तर्पण कर रहे हैं। नर्मदा घाटों के अलावा नदी में तर्पण कराया जा रहा है। इसी के साथ राजधानी में शीतलदास की बगिया में पूर्वजों की आत्मशांति के लिए तर्पण का आज समापन हुआ।

---

# चुनाव ड्यूटी से छूट के लिए चक्कर काट रहे चार सौ कर्मचारी

**स्वास्थ्य कारण गिनाने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिये बना मेडिकल बोर्ड**



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

विधानसभा चुनाव में डयूटी से मुक्ति के लिये कर्मचारी चक्कर काट रहे हैं कुछ जुगाडें भिडा रहे हैं तो कुछ वास्तविक कारणों से छूट चाह रहे हैं। भोपाल कलेक्ट्रेट में अब तक चुनाव ड्यूटी निरस्त कराने के लिए लगभग 400 आवेदन आ चुके हैं। प्रशासन ने तय किया है कि यदि किसी कर्मचारी को स्वास्थ्य कारणों से छूट चाहिए तो अब उसे मेडिकल प्रमाण पत्र देना होगा। इसे बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रभाकर तिवारी के निर्देश पर मेडिकल बोर्ड बना दिया गया है।यह बोर्ड सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को कार्य करेगा।

जानकारी के अनुसार विस चुनाव के दौरान स्वास्थ्यकारणों के आधार पर चुनाव ड्यूटी में छूट प्राप्त करने के लिए आवेदनों के परीक्षण एवं प्रमाण पत्र जारी किये जाने के लिए मेडीकल बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड जयप्रकाश अस्तपला में कार्य करेगा।सोमवार को डा. राकेश श्रीवास्तव अध्यक्ष जिला मेडीकल बोर्ड, डा. शाहवर खान मेडीकल विशेषज्ञ, डा. निशा मिश्रा नेत्र रोग विशेषज्ञ, डा. प्रमेंद्र शर्मा अस्थि रोग विशेषज्ञ और डा. बलराम उपाध्याय आरएमओ को सदस्य बनाया गया है । यह सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आवेदकों को मेडिकल परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी करेंगे। शोभनाथ दुबे प्रभारी मेडीकल बोर्ड इस संबंध में प्राप्त सभी आवेदनों, प्रमाण पत्रों का रिकार्ड संधारण करेंगे। उपरोक्त विशेषज्ञ अन्य विभाग के विशेषज्ञ से समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करेंगे ।

उल्लेखनीय है कि सरकार के विभिन्न महकमों के कर्मचारियों को भोपाल की सभी सीटों पर चुनाव में मतदान कराने के लिये ड्यूटी लगाई जा रही है। जिले की सभी सीटों के मतदान केंद्रों पर इनकी तैनाती होगी। इसके लिये जरूरी कार्यशाला आदि भी होंगी।

---

**मेट्रो एंकर** | भव्य शिव मंदिर का आकार ले रहा मां का दरबार गिदवानी

# संतनगर में नवरात्र की तैयारियों अंतिम दौर में

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

आदि शक्ति की साधना का पर्व शारदीय नवरात्र की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। 15 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है नवरात्र महोत्सव के लिए संतनगर में भव्य मां के दरबार सजाए जा रहे हैं। करीब दो दर्जन स्थानों पर मां अंबे की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। देवी मंदिरों में नौ दिनी साधना के लिए विद्युत साज सज्जा भी की गई है।

उपनगर के गिदवानी पार्क में इस साल विशाल शिवलिंग के आकार के मंदिर में मां का दरबार सजाया जा रहा है। भव्य मंदिर में जगत जननी की भव्य प्रतिमा की स्थापित की जाएगी। दर्शनार्थियों को पंडाल में भगवान शिव व माता अंबे के दर्शन एक साथ होंगे। पार्क में प्रवेश करते ही भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन के बाद मंदिर में मां जगदंबे के दर्शन होंगे।

### प्रतिमा में होगा बंगाली टच

बी वार्ड में 40 फुट चौड़ी, 12 फुट लंबे की मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पंडाल में मां लक्ष्मी, मां सरस्वती के साथ भगवान गणेश व कार्तिक एक साथ दर्शन देंगे। प्रतिमा बंगाल की तर्ज पर बनवाई गई है। आकर्षक शृंगार के भी प्रतिमाओं में करवाया गया है। भगवान झूलेलाल जी की स्थापना की जाएगी। रंगारंग डेकोरेशन भी तिरंगा थीम पर किया जाएगा।

### भव्य दरबार ले रहे आकार

इसके अलावा इलाहाबाद बैंक रोड, सीआरपी, निरंकारी मंडल मार्ग, वन ट्री हिल्स, बी न्यू वार्ड, एफ वार्ड, आरा मशीन रोड, बी वार्ड, सैनिक कॉलोनी समेत आसपास कॉलोनियों में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर झाकियां सजाई जाएगी।

### कार्यकर्ताओं की टीम तैयार

झांकी समितियों ने झांकी स्थलों पर दर्शनों के लिए कार्यकर्ताओं की टोलियां बनाई हैं, जो व्यवस्था में रहेंगी। कतार से दर्शन कराएंगी। कुछ झांकी समितियों ने अपने सदस्यों के ड्रेस कोर्ड भी रखा है। झांकी स्थलों पर होने वाले जागरण व अन्य कार्यक्रमों को भी अंतिम रूप दे दिया गया है।

### देवी मंदिर नहा रहे रोशनी से

माता की मढ़िया व अन्य देवी मंदिरों में नौ दिनों तक मां की विशेष पूजा अर्चना होगी। यज्ञ, भजन कीर्तन और बैठकें भी होंगी। सभी मंदिरों को नवरात्र के लिए खास तरीके से सजाया गया है। आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है। आश्रम व दरबारों में भी पर्व परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। इस दौरान कन्या भोज एवं भंडारे के आयोजन भी होंगे।

**संबोधि में नवरात्र उत्सव:** टेम्पल ऑफ संबोधि में 15 अक्टूबर को नवरात्र उत्सव की शुरूआत वेदांत विचारक लालसाई के सानिध्य मे होगी। हवन-पूजन और भजन-भक्ति का उल्लास शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। संबोधि के अनुयायी जुटकर मां की साधना करेंगे। हर साल संबोधि में नवरात्र उत्सव का आयोजन किया जाता है।

**हर दिन भंडारा:** विराट श्री मानव सेवा संस्थान नवरात्र में नौ दिवसीय भंडारे और धार्मिक आयोजन करेगी। संस्था के अध्यक्ष रोहन केवट (रामू) ने बताया कि हर दिन 7.45 से 8.00 बजे तक संगीतमय आरती होगी। आठ बजे से से भंडारा होगा। भंडारे में रोजाना 4000 से 5000 लोग प्रसादी ग्रहण करेंगे, भंडारा साधु वासवानी कॉलेज के सामने संजय नगर कॉलोनी में होगा।

---

# मानसिक-भावनात्मक मुद्दों पर विशेष सत्र



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। सत्र में विशेष वक्ता ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस भोपाल की वरिष्ठ सलाहकार डॉ नूपुर प्रिया पांडे थीं, जिन्होंने छात्राओं के साथ मानसिक एवं भावनात्मक मुद्दों पर बात की। उन्होंने छात्राओं के सामने आने वाले मुद्दों जैसे सोमेटो फॉर्म डिसऑर्डर, मानसिक विकार, व्यक्तित्व विकार, शैक्षणिक तनाव, यौन शोषण व अन्य विषयों पर चर्चा की। छात्राओं की समस्याओं का समाधान भी किया गया। सत्र में 150 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

### कांग्रेस और भाजपा जुटे घोषणापत्र को अंतिम रूप देने में

# मतदाताओं को साधने का आखिरी दारोमदार वचन व घोषणाओं पर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के साथ ही अपने घोषणापत्र के लिये भाजपा और कांग्रेस में अंतिम दौर का मंथन चल रहा है। कांग्रेस 16 अक्टूबर को वचनपत्र जारी करने वाली है। इसमें कई लोकलुभावन घोषणाओं का समावेश किया जा रहा है तो भाजपा भी अपने घोषणा पत्र में युवा, महिला और कर्मचारी वर्ग को साधने की कवायद में जुटी है।**



जानकारी के मुताबिक भाजपा की जिला और संभागवार बैठकें कर आमजन से सुझाव लिए गए हैं। विंध्य से सुझाव लेने की प्रक्रिया शुरू की गई थी और 10 संभागों में जिलेवार एक माह तक चले बैठकों के दौर में समाज के प्रत्येक वर्ग से सुझाव लिए गए हैं। इसके लिए जगह-जगह सुझाव पेटियां लगाई गई थी। अब इन सुझावों को भाजपा अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी। 230 विधानसभाओं क्षेत्रोंमें प्रत्याशी घोषित करने के बाद घोषणा पत्र जारी करने की तैयारी है। भाजपा अपने घोषणा पत्र में कर्मचारी वर्ग को साधने के लिए अहम घोषणाएं करेगी। वहीं, युवाओं के अलग से युवा बजट और महिलाओं के लिए भी नई घोषणा की जाएगी।

#### कौन बना रहा ड्राफ्ट

भाजपा का घोषणा पत्र बनाने में पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया और दो सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जयंत मलैया घोषणा पत्र समिति के प्रमुख हैं और प्रभात झा सह प्रमुख। इनके अलावा राजेंद्र शुक्ल, ओमप्रकाश सखलेचा, राज्यवर्धन सिंह, दो सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, डीडी उइके और सेवानिवृत्त आइएएस कवींद्र कियावत एवं एसएनएस चौहान सहित 19 सदस्यों के सहयोग से प्रदेशभर से सुझाव लिए गए हैं। वहीं कांग्रेस के वचन पत्र को बनाने का काम पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह कर रहे हैं। उनके साथ पूर्व आईएएस बाथम भी जुटे हैं तो कमलनाथ समय समय पर बैठकें करके उन्हें जरूरी हिदायतें देत रहे हैं।

## आयोग की मंजूरी के बाद दो नए कलेक्टर व दो एसपी हुए जिलों में तैनात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राज्य सरकार ने खरगोन और रतलाम जिलों में शुक्रवार को नए कलेक्टर पदस्थ कर दिए हैं। 2010 बैच के आइएएस अधिकारी कर्मवीर शर्मा को खरगोन और भास्कर लक्षकार को रतलाम का कलेक्टर बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए।

राज्य में चुनाव आचार संहिता के चलते इन दोनों अधिकारियों का चयन चुनाव आयोग ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से भेजे गए तीन-तीन नामों के पैनल में से किया है। इन दोनों जिलों में पिछले दिनों निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टर हटा दिए गए थे, तब से कुर्सी खाली थी।



वहीं जबलपुर और भिंड जिलों में रिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर शुक्रवार को नई तैनाती कर दी गई। शासन ने 23 वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल में सेनानी आदित्य प्रताप सिंह को जबलपुर का पुलिस अधीक्षक पदस्थ किया है, वहीं भिंड जिले के नए पुलिस अधीक्षक 5वीं वाहिनी के सेनानी असित यादव को बनाया गया है।

दरअसल पिछले दिनों इन दोनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों का स्थानांतरण शिकायत के बाद चुनाव आयोग के निर्देश पर कर दिया गया था। इसके बाद गृह विभाग ने यहां तीन-तीन नामों का पैनल बनाकर चुनाव आयोग को भेजा गया था। वहां से नाम तय होने के बाद दोनों अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए गए।

### चुनावी नजारे



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गोविन्दपुरा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा गौर के समर्थन में रोड शो कर 2 विशाल चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।



**भोपाल।** कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि रोज सोचता हूं कि मप्र के 18 साल के शिवराज शासनकाल का कोई तो अच्छा काम होगा, जिस विषय मैं आप साथियों से वार्ता करूंगा। पर मैं हर रोज गलत साबित हो जाता हूं।

### राहत : समग्र में करेक्शन करने बजाय आवेदन में देनी होगी सही जानकारी

## समग्र आईडी को भी डाटाबेस में भेजना होगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 9वीं में नामांकन के लिए समग्र आईडी को अनिवार्य करने से परेशान लाखों विद्यार्थी व स्कूल संचालकों के लिए राहत भरी खबर है। समग्र आईडी को लेकर माशिमं ने नए आदेश जारी किए हैं। जिसके अनुसार, अब समग्र आईडी तो अनिवार्य होगी, लेकिन प्राचार्यों को यह अधिकार दिया गया है कि उसमें करेक्शन करने बजाय आवेदन में सही जानकारी करेक्शन के साथ भरकर नामांकन कर सकते हैं। समग्र आईडी में दी गई जानकारी भी डाटाबेस में देना होगा। एमपी बोर्ड के सहायक सचिव उमेश ठाकुर का कहना है कि 9वीं के छात्रों के नामांकन में आ रही समग्र आईडी की दिक्कतों के चलते प्राचार्यों को नया आदेश जारी कर दिया गया है। वे नामांकन आवेदन में सही जानकारी भरें, लेकिन समग्र आईडी को भी डाटाबेस में भेजना होगा।




#### यह है पूरा मामला

मंडल के निर्देश के अनुसार 31 अक्टूबर तक कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों का नामांकन ऑनलाईन मोड में किया जाना है। इस हेतु समग्र आईडी में सुधार के लिए ईकेव्हाईसी वेरिफिकेशन ( आयु समूह 13 से 16 वर्ष ) की सुविधा एप के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। 9वीं के नामांकन के लिए समग्र आईडी को अनिवार्य कर दिया है। इसमें आधार कार्ड भी ईकेव्हाईसी करना है। जबकि सरकारी स्कूलों में ग्रामीण क्षेत्र के लाखों की संख्या में विद्यार्थियों के नामांकन व आधार कार्ड में गलती है। मंडल ने इसमें सुधार के लिए स्कूल प्राचार्यों को अधिकृत भी किया है। लेकिन नामांकन नहीं हो पा रहा है। जहां बाहरी विद्यार्थियों के समग्र आईडी नहीं होने से एरर आ रहा है, वहीं 13 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चे अपना नामांकन आवेदन नहीं भर पा रहे हैं। इसको लेकर कई प्राचार्यों व विद्यार्थियों द्वारा माशिमं में शिकायतें पहुंची थी।

### विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से नई नियुक्तियों पर लगी रोक

## अब चुनाव बाद हो सकेगी नए लोकायुक्त और सूचना आयुक्त की नियुक्तियां

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



अब चुनाव के बाद ही प्रदेश में नए लोकायुक्त और सूचना आयुक्त की नियुक्तियां हो सकेंगी। वहीं लोकायुक्त की नियुक्ति भी अब नई सरकार में ही होगी। लोकायुक्त जस्टिस एनके गुप्ता का कार्यकाल 16 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है, लेकिन चयन के लिए अब समिति की बैठक नहीं हो सकती है। जब तक नई नियुक्ति नहीं होती है, तब तक वे पद पर बने रहेंगे। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लग चुकी है, इसलिए नई नियुक्तियां नहीं हो सकती हैं। राज्य सूचना आयोग में रिक्त सूचना आयुक्त के पदों पर नियुक्ति के लिए 9 अक्टूबर को चयन समिति की बैठक बुलाई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से यह नहीं हो सकी और फिर चुनावों की घोषणा हो गई। आयोग में अभी मुख्य सूचना आयुक्त के साथ दो सूचना आयुक्त पदस्थ हैं।

### कॉलेज प्रवेश का आठवां राउंड

## यूजी-पीजी में प्रवेश का आज अंतिम दिन

**भोपाल।** प्रदेश के कॉलेज में सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आठवां सीएलसी राउंड चलाया जा रहा है। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थानों पर आवंटित आवेदक कॉलेज में ऑनलाइन शुल्क जमा कर 14 अक्टूबर तक प्रवेश ले पाएंगे।



उल्लेखनीय है कि कॉलेज सीटों को भरने के लिए विभाग अब तक एक मुख्य राउंड और 7 सीएलसी राउंड चला चुका है, लेकिन इसके बाद भी कॉलेजों में यूजी. पीजी की करीब 4.50 लाख सीटें खाली रह गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने ई-प्रवेश प्रक्रिया के तहत आठवां सीएलसी राउंड 5 अक्टूबर को शुरू किया था। सूबे के 1373 कॉलेजों की यूजी. पीजी की करीब 10 लाख 94 हजार सीटें हैं। अब तक लगभग 6 लाख प्रवेश ही हुए हैं। आठवें राउंड में आवंटित 16,490 सीटों में से अंतिम दिन तक करीब 10,500 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। करीब 5990 विद्यार्थियों ने सीट छोड़ दी है।

### मेट्रो एंकर | पोस्टल बैलेट जारी होने के बाद मतदान केंद्र पर जाकर नहीं कर सकेंगे वोट

## 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री राजन ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा के विकल्प को चुनने के लिए निर्धारित फॉर्म 12 डी के वितरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रूचिका चौहान, श्री बसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला उपस्थित थे।



श्री राजन ने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी ऐसे पात्र मतदाताओं को फॉर्म 12 डी का वितरण बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के माध्यम से करायें। साथ ही श्री राजन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाता, 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांग मतदाता या अत्यावश्यक सेवाओं में संलग्न मतदाता के नाम से पोस्टल बैलेट जारी हो गया है, तो फिर वह किसी भी मतदान केंद्र में जाकर मतदान नहीं कर सकेगा।

श्री राजन ने निर्देशित किया कि मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि एवं मृत मतदाताओं के नाम न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। जिन मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हैं, उनके ईपिक कार्ड वितरित कराएं जाएं। सभी रिटर्निंग अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिन मतदान केंद्रों पर निर्धारित संख्या से अधिक मतदाता हो उन मतदान केंद्रों पर नियमानुसार आवश्यक बूथ बनाए जाने का प्रस्ताव समय पर भेजें। ऐसे मतदान केंद्रों को मतदाता की सुविधा के लिए दो भागों में विभक्त किया जाए और सहायक मतदान केंद्र उसी परिसर में या निकटवर्ती भवन में ही बनाया जाए।



## सुविचार

''व्यक्ति को कभी भी मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए। क्योंकि जो आज है वो ही सबसे बड़ा मौका हैं।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# कांपिटीशन का अवसाद

देश में मध्यमवर्गीय परिवारों को आज भी अपने बच्चों का करियर उनके मेडिकल या आईआईटी क्लीयर करने में ही सफल नजर आता है। यह मिडिल क्लास की हसरतों का वह मुकाम है, जहां आकर उनके बच्चे टूटने लगते हैं। दरअसल यह जिक्र राजस्थान के कोटा में बच्चों द्वारा उठाए जा रहे आत्मघाती कदमों से उपजा है। कोटा देश के एक प्रमुख कोचिंग हब के रूप में विकसित हो चुका है, शहर में जिला प्रशासन के निर्देश पर कराए गए एक ताजा सर्वे ने इस बात की पुष्टि की है कि वहां बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स गंभीर अवसाद और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी अन्य परेशानियों से जूझ रहे हैं। यह सर्वे इस साल अप्रैल से सितंबर महीने के बीच किया गया। इसी अवधि में वहां से 19 स्टूडेंट्स की खुदकुशी की खबरें आईं। इन्हें जोड़ लिया जाए तो इस साल खुदकुशी करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या 25 हो जाती है। स्टूडेंट्स की खुदकुशी की बढ़ती संख्या को देखते हुए ही जिला प्रशासन ने 2015 से इनका रेकॉर्ड रखना शुरू किया था। हालांकि यह सर्वे समस्या को मात्र समझने की नहीं बल्कि उसे यथासंभव हल करने की कोशिशों का हिस्सा है। सर्वे के दौरान 83 ऐसे स्टूडेंट्स मिले, जो सीवियर डिप्रेशन के शिकार थे। दो स्टूडेंट्स को तो खुदकुशी के कगार पर पाया गया। वे खुद को नुकसान पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर चुके थे। इन सबको न केवल तत्काल काउंसिलिंग उपलब्ध करवाई गई बल्कि कोचिंग सेंटर और अभिभावकों को सूचित करके उन्हें राहत देने वाले आवश्यक कदम उठाए गए माना जा सकता है कि संभावित खुदकुशी के इन मामलों को समय रहते रोक लिया गया। कि जब यह सर्वे चल रहा था तब भी स्टूडेंट्स की खुदकुशी की खबरें आ रही थीं और यह तब था, जब खुदकुशी रोकने की अन्य कोशिशें भी साथ-साथ चल रही थीं। इनके तहत हॉस्टलों और पीजी सेंटरों के कमरों में स्प्रिंग वाले सीलिंग फैन लगाने और बालकनी में आत्महत्या-रोधी नेट लगवाने जैसे कदम उठाए गए। जैसा कि सर्वे रिपोर्ट से भी संकेत मिलता है, समस्या की जड़ कहीं और है। कई बार ऐसा भी होता है कि जब स्टूडेंट्स जब कोटा आते हैं तो शुरू के एक-दो महीने शहर में घूमते हैं और मस्ती में समय बिताते हैं। मामला बिगड़ता तब है जब कोचिंग की पढ़ाई अपनी पूरी रवानी पर आती है। कोचिंग सेंटर्स अपना रिकार्ड बरकरार रखने के लिये छात्रों पर पढाई और रोजाना टेस्ट जैसे बोझ भी डालते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि छात्र बौध्दिक तौर पर अन्य छात्रों की अपेक्षा औसत रहता है और वह रैंकिंग में पीछे छूटने के अवसाद में आ जाता है। देश के कई शहर मसलन दिल्ली आदि में भी कोचिंग का बडा हब है लेकिन कोटा का स्थान इन सबसे ज्यादा ऊंचा माना ताजा है। बावजूद कोटा में समस्या अपने सबसे गंभीर रूप में दिखती जरूर है, लेकिन इसका स्वरूप राष्ट्रीय है। आखिर सवा लाख सीटों के लिए 20-20 लाख स्टूडेंट्स अगर होड़ में रहेंगे, जैसा कि नीट में देखने को मिलता है, तो कॉम्पिटिशन के मारक स्वरूप का अंदाजा लगाया जा सकता है। जरूरत है कि बच्चों को उनके परिवार समझायें कि कोटा में नीट या आईआईटी निकालना ही जिंदगी की आखिरी मंजिल नहीं हैं, उन्हें वैकल्पिक रास्ता भी बताए जाने चाहिये। कुछ उदाहरण हैं जो कोटा से नाकाम होकर लौटे और जिंदगी के अन्य क्षेत्र में जबर्दस्त कामयाबी हासिल की। ऐसे लोगों को कोटा में लाकर %खुद से संघर्ष कर रहे छात्रों% से मिलवाया जाना चाहिये। यानि स्थिति को जब तक तरीके से बदलने के कारगर प्रयास नहीं होंगे तब तक सेफ्टी नेट, स्प्रिंग वाले पंखे और काउंसिलिंग जैसे कदम सीमित नतीजे देंगे।

## कविता

### दे रहे हैं न्यौता !



– कृष्णेन्द्र राय

होगा फिर से स्वागत ।
है आया बयान ।।
आकर के तो देखें ।
मिलना तय सम्मान ।।
दे रहे हैं न्यौता ।
कर सकते प्रवेश ।।
हैं वो अब स्वतंत्र ।
ना है कोई क्लेश ।।
फिर मिलेगा उनको ।
पहले वाला प्यार ।।
गए थे वो खुद ही ।
करें पुनः विचार ।।
ना कोई आपत्ति ।
और नहीं प्रतिबंध ।।
सोच सकते नया कुछ ।
करने को प्रारंभ ।।

## आज का इतिहास

- 1066 इंग्लैंड की नॉर्मन विजय-विलियम द कॉन्करर की सेनाओं ने हेस्टिंग्स पर अंग्रेजी सेना को हरा दिया और इंग्लैंड के अंतिम क्राउन एंग्लो-सैक्सन राजा हेरोल्ड गोडविंसन को मार डाला।
- 1700 रब्बी जुदाह हासिड और चाइम मोलोचो यरूशलेम में आया।
- 1745 फ्रेंच सहायता काफिला मॉन्ट्रो स्कॉटलैंड पहुंचा।
- 1756 मैत्री और व्यापार का एक समझौता सुल्तान ओसमान ढ्ढ्ढ्ढ द्वारा हस्ताक्षरित किया गया, और राजा फ्रेडरिक वी। डेनमार्क ने ओटोमन साम्राज्य के लिए असाधारण प्रतिनिधि नियुक्त किया।
- 1758 हचकिर्क की लड़ाई, सक्सन में ऑस्ट्रियाई सेना ने प्रशिया को हराया।
- 1774 पहले महाद्वीपीय कांग्रेस ने औपनिवेशिक अधिकारों की घोषणा फिलाडेल्फिया में की।
- 1805 मार्शल मिशेल नेय के तहत तीसरे गठबंधन-फ्रांसीसी बलों के युद्ध ने वर्तमान जर्मनी के एलिंगेन में ऑस्ट्रियाई बलों को हराया।
- 1863 अमेरिकी नागरिक युद्ध-ब्रिस्टो स्टेशन की लड़ाई में, युएनियन ॥ कॉर्प्स यूनियन रियर गार्ड पर कॉन्फेडरेट अटैक को आश्चर्यचकित करने और पीछे हटाने में सक्षम था, जिसके परिणामस्वरूप संघ की जीत हुई।
- 1882 पंजाब विश्वविद्यालय आधुनिक पाकिस्तान में स्थापित किया गया।
- 1884 अमेरिका में गदर पार्टी के संस्थापक लाला हरदयाल का दिल्ली में जन्म हुआ।
- 1888 फ्रांसीसी आविष्कारक लुई ले प्रिंस ने राउंडहे, लीड्स, वेस्टयॉर्कशायर, इंग्लैंड में, सबसे शुरुआती जीवित चित्र राउंडहे गार्डन सीन फिल्माया।
- 1912 पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट को उत्पीड़न के प्रयास में गोली मार दी गई थी, लेकिन उपचारकर्ता प्रीमिनिनेंट सर्जन जॉन बेंजामिन मर्फी को प्राप्त करने से पहले भाषण दिया।

# नारी समता अभी भी महज मृग मरीचिका

दीपिका अरोड़ा



आखिरकार लोकसभा-राज्यसभा में पारित हुआ 'नारी शक्ति वंदन बिल', राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के उपरांत कानून बन चुका है। निश्चय ही प्रेरक पहल के तौर पर यह एक सराहनीय विषय है, वर्षों से उठती चली आई मांग अंततः किसी निर्णायक मोड़ तक तो पहुंची ! विश्लेषण करें तो महिलाओं के नेतृत्व में होने वाला समावेशी विकास दूरगामी प्रभावों के साथ क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक है जो युग-युगांतर प्रतिध्वनित होता है। नारी नेतृत्व क्षमता में अपार मानसिक सुदृढ़ता के साथ कोमल भावनाएं समाविष्ट होने के कारण न्यायिक प्रतिबद्धता को अपना यथेष्ट स्थान मिलने की संभावनाएं भी प्रबल रहती हैं।स्वतंत्रता के सात दशक बाद भी समता के नाम पर, देश की आधी आबादी को 50 फीसदी की अपेक्षा सिर्फ़ 33 फीसदी अधिकार मिलना ख़लता तो अवश्य है किंतु महिला प्रतिनिधित्व बढ़कर एक-तिहाई होने से वर्तमान समाज में फैली नारी उत्पीड़न समस्याओं में विशेष सुधार होने की आस जगना भी अपने आप में कम महत्वपूर्ण उपलब्धि नहीं।

ख़ैर, बदलते समय की इस चिर-प्रतीक्षित आहट से समाज में नारी की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होने की उम्मीद भले प्रबल हुई हो किंतु यदि नर-नारी समानता को वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट-2023 के अनुमानित दृष्टिकोण से देखा जाए तो भारत की महिलाओं को पुरुषों के समकक्ष आने में अभी 149 वर्ष लगेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक़, वैश्विक स्तर पर भी लैंगिक भेदभाव के समापन में अभी 131 साल बाकी हैं। वर्ष 2006 से 2023 के दौरान लैंगिक समानता में केवल चार फीसदी सुधार होने का अनुमान है। वर्तमान में वैश्विक स्तर पर समानता सिर्फ़ 68 फीसदी तक पहुंच बना पाई, जबकि भारत में इसकी मौजूदा स्थिति 64 फीसदी है। धीमी गति के चलते वर्ष 2154 से पूर्व इसका 100 फीसदी तक पहुंच पाना मुश्किल है, जबकि भारत को इस संदर्भ में 18 वर्ष अतिरिक्त लगेंगे।

वैतनिक समानता के अधिकार को झुठलाती रिपोर्ट बताती है कि वर्क फ़ोर्स में महिलाओं की 37 फीसदी प्रतिभागिता सहित हम 139वें स्थान पर हैं। समान कार्य के लिए महिलाओं को पुरुषों के समान वेतन देने की बात करें तो इस संबंध में वैश्विक स्तर पर हमारा देश अभी 116वें पायदान पर है। महिला-पुरुष की अनुमानित आय में मौजूद अंतर देखा जाए तो हम 141वें स्थान पर आते हैं। जन्म के समय लिंगानुपात में हम 140वें तथा स्वस्थ जीवन जीने में 137वें रैंक पर हैं। रिपोर्ट खुलासा करती है, महिलाओं को पुरुषों के मुक़ाबले आर्थिक समानता पाने में 169 वर्ष लग सकते हैं तथा राजनीतिक समानता प्राप्ति हेतु 162 वर्ष प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

संसद में महिला प्रतिभागिता की बात करें तो हमारा देश 117वें स्थान पर आता है। महिला मंत्रियों के अनुपात में हम 146 देशों की सूची में 132वें स्थान पर हैं। देश की केवल 17 फीसदी कंपनियों के बोर्ड में महिलाएं हैं। मात्र 2 फीसदी कंपनियों में ही महिला-स्वामित्व पाया गया।

नारी साक्षरता दर तथा प्राथमिक शिक्षा के विषय में भले ही हम 25 अन्य देशों सहित संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हों किंतु कदाचित बात रोज़गार अवसरों की हो तो देश का एक बड़ा प्रतिशत इससे वंचित है। किसी भी रूप में नारी शोषण-उत्पीड़न तथा उसके विरुद्ध आपराधिक एवं दुष्कर्म मामलों का प्रतिपल संज्ञान लिया जाए तो हृदय दहल जाता है।

निश्चय ही नारी प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी से स्थिति सुधरने की कामना कर सकते हैं किंतु चाहकर भी उन तथ्यों को नहीं नकार सकते जो प्रथम दृष्टया ही नारी प्रतिनिधित्व पर पुरुषत्व हावी होने का अंदेशा दे जाते हैं। कतिपय अपवाद छोड़ दें तो बहुधा देखने में आया कि प्रतिनिधित्व की कमान नारी के हाथ में होने के बावजूद कमांड किसी पारिवारिक अन्य पुरुष की ही चलती है। विचारणीय है, जब नारी की कार्यक्षमता व सोच पर दबाव बनाकर उसे महज़ एक कठपुतली की भांति प्रयुक्त किया जाए तो स्थिति में सुधार आने की गुंजाइश ही कहां रह जाती है? नारी की प्रतिभा का सही उपयोग तो तभी हो सकता है, जब उसे साधिकार स्व-निर्णय लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

नारी के प्रति सामाजिक सोच का दायरा बढ़ाए बिना समानता की कल्पना करना मात्र एक मृगमरीचिका है। दो आवश्यक शर्तों के आवरण में प्रदत्त 'नारी शक्ति वंदन कानून' के लागू होने की राह भी भला कहां इतनी सरल है? दीर्घकाल से लंबित जनगणना पूर्ण होने एवं संविधान के अनुच्छेद 82 के तहत परिसीमन; दोनों ही मुद्दों को लेकर कई विवाद हैं। इंडिया गठबंधन द्वारा जातिगत गणना की मांग के रूप में एक अन्य अवरोधक उठ खड़ा हुआ है। नारी सशक्तीकरण के अंतर्गत शृंखलाबद्ध प्रयास से यह कानून देश में कब और कितना सार्थक परिवर्तन लाएगा एवं कब तक आधी आबादी की समता को पूर्णता तक पहुंचाएगा, यह तय होने में तो संभवतः काफी समय लग सकता है। फ़िलहाल तो यही देखना है, सशर्त लागू होने की मांग उठाता यह आरक्षण विधेयक नारी प्रतिनिधित्व को समता के अंतिम सोपान तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा अथवा अन्य कई कानूनों की भांति मात्र एक चुनावी जुमला भर बनकर रह जाएगा !

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

अग्रसेन जयन्ती- 15 अक्टूबर, 2023

# महाराजा अग्रसेन समाजवादी व्यवस्था के अग्रदूत थे

ललित गर्ग

कुशल शासकों की कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रहती। उनका लोकहितकारी चिन्तन कालजयी होता है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता है। ऐसे शासकों से न केवल जनता बल्कि सभ्यता और संस्कृति भी समृद्ध और शक्तिशाली बनती है। ऐसे शासकों की दृष्टि में सर्वोपरि हित सत्ता का न होकर समाज एवं मानवता होता है। ऐसे ही महान् शासक थे महाराजा अग्रसेन। वे कर्मयोगी लोकनायक तो थे ही, संतुलित एवं आदर्श समाजवादी व्यवस्था के निर्माता भी थे। वे समाजवाद के प्रणेता, गणतंत्र के संस्थापक, अहिंसा के पुजारी व शांति के दूत थे। सचमुच उनका युग रामराज्य की एक साकार संरचना था जिसमें उन्होंने अपने आदर्श जीवन कर्म से, सकल मानव समाज को महानता का जीवन-पथ दर्शाया। उस युग में न लोग बुरे थे, न विचार बुरे थे और न कर्म बुरे थे। राजा और प्रजा के बीच विश्वास जुड़ा था। वे एक प्रकाश स्तंभ थे, अपने समय के सूर्य थे जिनकी जन्म जयन्ती आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा अर्थात नवरात्री के प्रथम दिन यानी इस वर्ष में अग्रसेन जयंती 15 अक्टूबर, 2023 को मनाई जाएगी।

महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे। धार्मिक मान्यतानुसार इनका जन्म मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की चौंतीसवी पीढ़ी में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के प्रतापनगर के महाराजा वल्लभ सेन के घर में द्वापर के अन्तिमकाल और कलियुग के प्रारम्भ में आज से लगभग 5187 वर्ष पूर्व हुआ था। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था, कि यह बहुत बड़ा राजा बनेगा। इसके राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक निवासी उसे एक रुपया व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से उसके लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध हो जाए। महाराजा अग्रसेन ने एक नयी व्यवस्था को जन्म दिया, उन्होंने पुनः वैदिक सनातन आर्य संस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य की पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया।

महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। महाराज अग्रसेन ने एक ओर हिन्दू धर्म ग्रंथों में वैश्य वर्ण के लिए निर्देशित कर्म क्षेत्र को स्वीकार किया और दूसरी ओर देशकाल के परिप्रेक्ष्य में नए आदर्श स्थापित किए। उनके जीवन के मूल रूप से तीन आदर्श हैं- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता एवं सामाजिक समानता। एक निश्चित आयु प्राप्त करने के बाद कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श पर वे आग्रेय गणराज्य का शासन अपने ज्येष्ठ पुत्र के हाथों में सौंपकर तपस्या करने चले गए।



व्यक्ति, समाज, राष्ट्र तथा जगत की उन्नति मूल रूप से जिन चार स्तंभों पर निर्भर होती हैं, वे हैं- आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक। अग्रसेनजी का जीवन-दर्शन चारों स्तंभों को दृढ़ करके उन्नत विश्व के नवनिर्माण का आधार बना है। लेकिन इसे समय की विडम्बना ही कहा जायेगा कि अगणित विशेषताओं से संपन्न, परम पवित्र, परिपूर्ण, परिशुद्ध, मानव की लोक कल्याणकारी आभा से युक्त महामानव महाराज अग्रसेन की महिमा से अनभिज्ञ अतीत से वर्तमान तक के कालखण्ड ने उन्हें एक समाज विशेष का कुलपुरुष घोषित कर उनके स्वर्णिम इतिहास को हाशिए पर डाल दिया है। वर्तमान में भी उनके वंशजों की बड़ी तादाद होने और राष्ट्र के निर्माण में उनका सर्वाधिक योगदान होने के बावजूद न तो उस महान् शासक को और न ही उनके वंशजों को सम्मानपूर्ण प्रतिष्ठा प्राप्त हो पा रही है।

अग्रसेनजी सूर्यवंश में जन्मे। महाभारत के युद्ध के समय वे पन्द्रह वर्ष के थे। युद्ध हेतु सभी मित्र राजाओं को दूतों द्वारा निमंत्रण भेजे गए थे। पांडव दूत ने वृहत्सेन की महाराज पांडु से मित्रता को स्मृत कराते हुए राजा वल्लभसेन से अपनी सेना सहित युद्ध में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया था। महाभारत के इस युद्ध में महाराज वल्लभसेन अपने पुत्र अग्रसेन तथा सेना के साथ पांडवों के पक्ष में लड़ते हुए युद्ध के 10वें दिन भीष्म पितामह के बाणों से बिंधकर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इसके पश्चात अग्रसेनजी ने ही शासन की बागडोर संभाली। उन्होंने बचपन से ही वेद, शास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, राजनीति और अर्थ नीति आदि का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उनका विवाह नागों के राजा कुमुद की पुत्री माधवी से हुआ। महाराजा अग्रसेन ने ही अग्रोहा राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने अपने जीवन में कई बार कुलदेवी लक्ष्मीजी से यह वरदान प्राप्त किया कि जब तक उनके कुल में लक्ष्मीजी की उपासना होती रहेगी, तब तक अग्रकुल धन व वैभव से सम्पन्न रहेगा। उनके 18 पुत्र हुए, जिनसे 18 गोत्र चले। गोत्रों के नाम गुरुओं के गोत्रों पर रखे गए।

महाराज अग्रसेन ने समाजवादी शासन व्यवस्था की स्थापना की, जिसमें किसी भी व्यक्ति की कोई आर्थिक हानि होती तो वह राजा से ऋण ले सकता था। सम्पन्न होने पर वापस दे देता था। महाराजा अग्रसेन ने 18 यज्ञ किए क्योंकि ब्राह्मण लोग अति संतोषी, यजमान के सिवाय दूसरे का दान न लेने वाले होते थे। यज्ञों द्वारा उनकी धन आदि की इच्छा पूरी हो जाती थी। हर व्यक्ति भगवान के नाम पर अपने राज्य और धार्मिक कार्यों के लिए अपनी आमदनी का दसवां भाग निकालता था। राज्य का हर व्यक्ति अपनी आजीविका अन्य साधनों या किसी व्यापार द्वारा करते थे परन्तु राष्ट्र पर विपत्ति आने के समय सब वर्ग के लोग हथियारों से युद्ध को तैयार हो जाते थे। समाज व्यववस्था उनके लिए कर्तव्य थी, इसलिए कर्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिए उसे कभी नकारा नहीं। महाराजा अग्रसेनजी की इसी विचारधारा का ही प्रभाव है कि आज भी अग्रवाल समाज शाकाहारी, अहिंसक एवं धर्मपरायण के रूप में प्रतिष्ठित है। अग्रसेनजी ने राजनीति का सुरक्षा कवच धर्मनीति को माना। राजनेता के पास शस्त्र है, शक्ति है, सत्ता है, सेना है फिर भी नैतिक बल के अभाव में जीवन मूल्यों के योगक्षेम में वे असफल होते हैं। इसीलिये उन्होंने धर्म को जीवन की सर्वोपरि प्राथमिकता के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इसी से नये युग का निर्माण, नये युग का विकास वे कर सके। उनके युग का हर दिन पुरातन के परिष्कार और नए के सृजन में लगा था। सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों के नए संदर्भ जुड़े। परम्परा प्रतिष्ठित हुई। रीति-रिवाजों का स्वरूप सामने आया। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता दिखलाई।

महाराज अग्रसेन के राज की वैभवता से उनके पड़ोसी राजा बहुत जलते थे। इसलिये वे बार-बार अग्रोहा पर आक्रमण करते रहते थे। बार-बार हार के बावजूद वे अग्रोहा पर आक्रमण करते रहे, जिससे राज्य की जनता में तनाव बना ही रहता था। इन युद्धों के कारण अग्रसेनजी के प्रजा की भलाई के कामों में विघ्न पड़ता रहता था। लोग भी भयभीत और रोज-रोज की लडाई से त्रस्त हो गये थे। एक बार अग्रोहा में बड़ी भीषण आग लगी। उस पर किसी भी तरह काबू ना पाया जा सका। उस अग्निकांड से हजारों लोग बेघरबार हो गये और जीविका की तलाश में भारत के विभिन्न प्रदेशों में जा बसे। पर उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोडी। वे सब आज भी अग्रवाल ही कहलवाना पसंद करते हैं और उसी 18 गोत्रों से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आज भी वे सब महाराज अग्रसेन द्वारा निर्देशित मार्ग का अनुसरण कर समाज की सेवा में लगे हुए हैं। एक सर्वे के अनुसार, देश की कुल इनकम टैक्स का 24 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अग्रसेन के वंशजों का हैं। कुल सामाजिक एवं धार्मिक दान में 62 प्रतिशत हिस्सा अग्रवंशियों का है। देश की कुल जनसंख्या का मात्र एक प्रतिशत अग्रवंशज है, लेकिन देश के कुल विकास में उनका 25 प्रतिशत सहयोग रहता है। उस महामानव को राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब देश की बड़ी जन-कल्याणकारी योजनाएं उस महान शासक के नाम पर हो, किसी एक महत्वपूर्ण ट्रेन का नाम अग्रसेन एक्सप्रेस रखा जाये। राजधानी दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों की राजधानियों में मुख्य मार्गों के नाम भी अग्रसेन मार्ग रखे जाये।

### विस निर्वाचन के संबंध में पैड न्यूज पर कार्यशाला संपन्न

# ‘पेड न्यूज चुनाव में समान अवसर को बिगाड़ती है’



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार मीडिया प्रतिनिधियों की पेड न्यूज पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी एमसीएमसी फरहीन खान की उपस्थिति में मीडिया कार्यालय का शुभारंभ किया गया।**

जिसमें नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा पेड न्यूज संबंधी बारीकियों के बारे में विस्तार से मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर दुबे ने बताया कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार पेड न्यूज प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या किसी भी मीडिया में नकद या किसी अन्य कीमत पर प्रतिफल के रूप में प्रदर्शित होने वाली कोई भी खबर या विश्लेषण पेड न्यूज है। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रेस परिषद द्वारा दी गई पेड न्यूज की परिभाषा को भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीकार किया और माना कि पेड न्यूज चुनाव में समान अवसर को बिगाड़ती है। प्रतिकूल प्रभाव डालती है, चुनाव व्यय कानूनों को उल्लंघन करती है। मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालती है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा उत्पन्न करती है। इससे मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव पड़ता है और इसे उनकेसूचना के अधिकार के उल्लंघन के रूप में भी देखा जाता है। पेड न्यूज सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और पार्टियों के लिए समान अवसर को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है।

#### निर्वाचन के संबंध में प्रेस काउंसिल आफ इंडिया ने मीडिया प्रतिनिधि के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं

नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे ने बताया कि निर्वाचन के संबंध में प्रेस काउंसिल आफ इंडिया ने मीडिया प्रतिनिधि के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसके अनुसार चुनाव एवं अभ्यर्थियों के बारे में वस्तुनिष्ठ रिपोर्ट मीडिया प्रतिनिधियों को प्रचार में शामिल न होना, अतिरंजित रिपोर्टिंग न करना, धर्म, जाति, सम्प्रदाय के आधार पर विभेद पैदा करने वाली रिपोर्टर्स से बचना,किसी अभ्यर्थी के व्यक्तिगत जीवन, चरित्र के बारे मिथ्या बयानों को न छापना। असत्यापित आरोपों को न छापना वित्तीय या अन्य प्रलोभनों को स्वीकार न करना,किसी दल / अभ्यर्थी का आतिथ्य या अन्य सुविधाओं को न स्वीकारना,किसी दल/अभ्यर्थी की उपलब्धियों के प्रचार हेतु सार्वजानिक धन से कीमत चुकाए जाने वाले विज्ञापनों को न छापना तथा भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के क सभी निर्देशों का पालन करना हैं।



### राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री सरताज सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सरताज सिंह का गुरूवार सुबह 83 वर्ष में दुखद निधन हो गया. उनके पार्थिव शरीर को शुक्रवार को भोपाल से नर्मदापुरम लाया गया।**



सरताज सिंह बहुत सरल व सहज जननेता थे। वे नर्मदापुरम लोकसभा सीट से 5 बार सांसद के साथ केन्द्रीय मंत्री और दो बार विधायक के साथ केबिनेट मंत्री रहे। शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में उनके पार्थिव शरीर को पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित उनके प्रशंसकों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरताज सिंह के निवास पर पहुंचकर दिवगंत आत्मा की शांति के लिए एवं शोकमय परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। जिला भाजपा कार्यालय में उनके पार्थिव शरीर पर भाजपा का झण्डा एवं दुपट्टा ओढ़ाया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, विजयपाल सिंह, प्रेमशंकर वर्मा, पीयूष शर्मा, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे. जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि देने के पश्चात गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा इटारसी से अंतिम यात्रा निकाली गई एवं शांति धाम श्मशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## आई लव सिरोंज का लगाया बोर्ड, मिट्टी का ढ़ेर सुंदरता में डाल रहा बाधा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

**पुराना बस स्टैंड के समीप तालाब के सामने नगर पालिका एवं थाने के बीच आई लव सिरोंज का बोर्ड 3 खुटे चौराहे पर लगाया गया है।**

जिससे उस स्थान को सुंदर दर्शाने की कोशिश की गई एवं बोर्ड लगाकर सिरोंज के प्रति प्यार भी जताया गया लेकिन जिम्मेदार बोर्ड लगाकर मानो भूल से गए हो या फिर जानबूझकर सुंदरता में बाधा डालने की कोशिश की गई हो आई लव सिरोंज का बोर्ड तो लगा दिया गया लेकिन बोर्ड के पास मिट्टी का ढहर भारी मात्रा में उपलब्ध है जिसके कारण सुंदरता में बाधा उत्पन्न हो रही है करीब 5 दिन के आसपास बीत जाने के बाद भी अभी तक मिट्टी को व्यवस्थित करके आई लव सिरोंज के बोर्ड के स्थान को सुरक्षित नहीं किया गया जिस कारण सुंदरता मैं एक दाग देखा जा सकता है क्या बजह रही होगी जो इतना ढीला रवैया अपनाया जा रहा है एक और तो सिरोंज से प्यार जताया जारहा है और दूसरी और अनदेखी करके स्थान को आव्यवस्थित छोड़ दिया गया बारहाल हो कुछ भी लेकिन आई लव सिरोंज के बोर्ड लगने से क्षेत्र में सुंदरता तो दिखाई दे रही है, अगर मिट्टी को व्यवस्थित कर दिया जाए तो सोने पर स्वागा हो जाएगा और जगह में चार चांद लग जाएंगे।

## वृद्ध व दिव्यांगों को मिलेगी पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा

**हरदा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। राजन ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा के विकल्प को चुनने के लिए निर्धारित फॉर्म 12 डी के वितरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रूचिका चौहान, श्री बसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला उपस्थित थे। राजन ने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी ऐसे पात्र मतदाताओं को फॉर्म 12 डी का वितरण बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के माध्यम से करायें। साथ ही श्री राजन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाता, 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांग मतदाता या अत्यावश्यक सेवाओं में संलग्न मतदाता के नाम से पोस्टल बैलेट जारी हो गया है, तो फिर वह किसी भी मतदान केंद्र में जाकर मतदान नहीं कर सकेगा। राजन ने निर्देशित किया कि मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि एवं मृत मतदाताओं के नाम न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

## चेक पोस्ट दल ने 1 लाख 1 हजार 650 की अवैध राशि जब्त की




एसएसटी दल की प्रभावी कार्रवाई,

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**जिले में आदर्श आचरण संहिता का प्रभावी ढंग से क्रियान्वन किया जा रहा है। निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सामग्रियों की जांच के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह द्वारा जिले में 13 स्थैतिक निगरानी दल बनाए गए हैं जो 24 घंटे वाहनों की सघन जांच कर रहें है।**

इसी क्रम में शुक्रवार को बैतूल जिले की सीमा पर बनाए गए धार चेक पोस्ट सुखतवा के दल एसएसटी द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 1 लाख 1 हजार 650 रुपए की राशि जप्त की गई है। एसडीएम इटारसी नीता कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राशि शहडोल निवासी अमित राजपाल के वाहन से एसएसटी ने जप्त की है। उन्होंने बताया कि संबंधित द्वारा राशि से वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर कार्रवाई करते हुए राशि जप्त कर उसे जिला निर्वाचन कार्यालय प्रेषित किया गया है।

उक्त कार्रवाई में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दीपक वर्मा, पटवारी मयंक रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक जगदीश मालवीय, राजस्व निरीक्षक अनुज राजपूत, हेड कांस्टेबल रघुवीर, सचिव रामधर मालवी कोटवार कमल किशोर ने सक्रिय भूमिका निभाई है.

**मेट्रो एंकर** | दिल्ली रवाना होने से पूर्व शुभचिंतक और मित्रों ने दी शुभकामनाएं

## ऑल इंडिया कबड्डी टूर्नामेंट में प्रदेश की टीम से खेलेंगे बशारत

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक आयोजित हो रही ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जल संसाधन विभाग तवानगर में पदस्थ बशारत खान का चयन हुआ मध्य प्रदेश की टीम में हुआ है. वह 15 अक्टूबर को दिल्ली के लिए रवाना होंगे। श्री खान के जिले से ऑल इंडिया टूर्नामेंट में भाग लेने पर मप्र जल संसाधन विभाग प्रमुख अभियंता शिरीष कुशवाहा अधीक्षण यंत्री राजा राम मीणा नर्मदा पुरम, अधीक्षक यात्री श्री डेहरिया बैतूल छिंदवाड़ा अधीक्षण यंत्री श्री मोहनिया भोपाल कार्यपालन यंत्री बीके जैन नर्मदापुरम शैलेंद्र पीपरे सोहागपुर, संकल्प श्रीवास्तवजबलपुर एवं एसडीओ जैन एसडीओ शर्मा जबलपुर, आदि विभागीय अधिकारियों सहित जल संसाधन विभाग के समस्त कर्मचारियों सहित कबड्डी संगठन के सचिव सरदार सिंह राजपूत छत्रपाल सिंह राजपूत कैलाश सिंह राजपूत ने बशारत खान के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन को लेकर शुभकामना देते हुए सफलता की कामना की है।


### प्रदेश कबड्डी टीम को विजयी बनाने उत्साहित हैं अधिकारी

जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष मांडलिक संयोजक दिनेश श्रीवास्तव संरक्षक प्रवीण शर्मा संस्थापक सदस्य अखिलेश श्रीवास्तव मोइनुद्दीन कुरैशी महेंद्र उगले के आर भूमरकर सहित तवा नगर स्पोटर्स क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ी देवेंद्र शर्मा वफात खान उमेश शर्मा दातार सिंह चौहान टीआई अशोक यादव तेजभान सिंह चौहान प्रेम शंकर शैलेंद्र सिंह सोलंकी आदि खेल जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि मध्य प्रदेश की टीम में बशारत खान का चयन होने से ऑल इंडिया सर्विसेज टूर्नामेंट में मप्र टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। बशारत खान बचपन से ही एक उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे हैं साथ ही जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष के साथ अनेक खेल संगठनों मैं सक्रिय रहकर खेल गतिविधियों का संचालन करते रहते हैं।

### हॉकी खिलाड़ियों को मतदान के लिए दिलाई गई शपथ

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जनजातीय कार्य विभाग ने राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में विभागीय आश्रम के 11 हॉकी खिलाड़ियों ने सबसे पहले निर्वाचन के नियमों के पालन की शपथ ली। 4 खिलाड़ी आदित्य पंडारे, प्रभात उईके, अरुण उईके, अखिलेश बारस्कर, 67 वीं शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 14 वर्षीय बालक वर्ग नीमच में जनजातीय विभाग मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों द्वारा सबसे पहले निर्वाचन हेतु शपथ ली गई। उक्त सभी हॉकी खिलाड़ियों को जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के मनोज सिंह ठाकुर, जयसिंह भदौरिया, पवन कुमार ने शपथ दिलाई। चयनित खिलाड़ियों को डॉक्टर अतुल सेठा, रोहित फौजदार, नीरज बहुत्रा, वंदना रघुवंशी सुश्री उमा पटेल जिला खेल अधिकारी नर्मदापुरम, ब्लॉक समन्वयक खेल विभाग महेन्द्र पचलानिया, आश्रम संचालक रक्षा श्रीवास्तव ,आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी बी डी कोली आदि ने शुभकामनाएं भी दी गई।









### जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से की मुलाकात

# जैन समाज हमेशा सत्य की बात करता है, मैं भी सत्य का साथ दूंगा : नाथ

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

**मध्यप्रदेश जैन समाज अपने तीर्थ क्षेत्रो की समस्याओं को लेकर मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मिला। इस अवसर पर कमलनाथ ने जैन समाजजनों को तीर्थ क्षेत्रो की रक्षा के लिए सदैव तत पर रहने की बात कही। वही उन्होने कहा कि जैन समाज तो सत्य की बात करता है मै भी सत्य का साथ दूंगा। संकल जैन समाज मध्यप्रदेश के संरक्षक हृदय मोहन जैन व संयोजक राकेश जैन गोहिल के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मुलाकात की।**



#### समाजजन बोले - हमारे तीर्थ क्षेत्रों पर अतिक्रमण हो रहा है

**समाज को योजनाओं का पर्याप्त लाभ प्राप्त नहीं हो रहा**

मध्य प्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग में जैन समाज के प्रतिनिधि की अध्यक्ष,सदस्य के रूप मे नियुक्ति की जाए। शासन द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए उपलब्ध योजनाओं का समुचित लाभ जैन समाज को भी मिले ऐसा सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान में समाज को योजनाओं का पर्याप्त लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। संस्कृति विभाग के द्वारा जैन संस्कृति, कला एवं धर्म से संबंधित आयोजन किए। जैन धर्म, दर्शन एवं साहित्य के संरक्षण, संवर्धन, उन्नयन व प्रसार हेतु जैन विश्व विद्यालय की स्थापना की जाए। कुण्डलपुर जैन तीर्थ क्षेत्र के लिए प्रस्तावित रेल मार्ग का शीघ्रता से निर्माण कराया जाए। सड़कों पर भूखी-प्यासी घूमती हुई लावारिस बेमौत मर रहीं गौ माताओं के लिए आवास, आहार, पानी, एवं चिकित्सा सुनिश्चित की जाए और सुनियोजित कार्य योजना बनाई जाए। उक्त जानकारी राजीव जैन सैनानी ने दी। इस अवसर पर रत्नेश जैन छिंदवाड़ा,बसंत जैन,आनंद तारण,जिनेश जैन विदिशा,जिनेश जैन गाड़रवारा,आजाद मोदी,स्वदेश जैन, श्रीमती कल्पना जैन भोपाल आदि उपस्थित रहे।

साथ ही जैन समाज के साथ हो रहे भेदभाव एवं तीर्थ क्षेत्रों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर एक आवेदन सौपा। जिसमें उल्लेख किया गया कि सर्वोच्च जैन तीर्थ क्षेत्र समेत शिखरजी में केन्द्र सरकार द्वारा रोपवे का निर्माण नही किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य को रूका जाए और उक्त स्थान को पवित्र क्षेत्र घोषित किया जाए। इंदौर में गोस्मटगिरी भगवान बाहुबली तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पक्ष में समस्त दस्तावेज है स्वामित्व की भूमि पर बाउण्ड्री वाल व अन्य कार्यो को पूर्ण कराया जाए और श्री गिरनार एंव अन्य जैन तीर्थ क्षेत्रो पर हो रहे अतिक्रमण व अवांछित गतिविधिओं को रोका जाए। जैन तीर्थ क्षेत्रो पर पर्याप्त मूलभूत सुविधाए जैसे कि मार्ग,पहुच मार्ग,बिजली,पानी,सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। साथ ही साधु साध्वीयो,मुनि भगवंतो के विहार एंव प्रवास के दौरान समुचित पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्थाई आदेश जारी किया जाए एंव जैन पुरातत्व का संरक्षण,संवर्धन पुरातत्व विभाग द्वारा समाज के परामर्श से किया जाए। खजुराहो के जैन मंदिरो को पुरातत्व विभाग के आधीन लाने के प्रस्ताव को जैन समाज की ओर से प्रेषित आपतियों को दृष्टि में रख तत्काल निरस्त किए जाए। जैन श्रमण संस्कृति संरक्षण आयोग बोर्ड का गठन कर जैन श्रमण संस्कृति के संरक्षण,संवर्धन व उन्नयन में सहयोग किया जाए। सुरक्षा प्रबंध सुधार कर मंदिरो में हो रही चोरी की घटनाओं को रोका जाए एंव पूर्व में हुई चोरियो की घटनाओं की जांच कराकर कार्यवाही की जाए।



# पंचायत सचिव और पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुंगर लाल धाकड़ के घर पर लाखों की चोरी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

**थाना मुरवास क्षेत्र ग्राम धर्गा में लाखों के सोना चांदी और नगदी गुरुवार की रात 2 से 5 बजे के लग भग चुरा ले गए चोर मुरवास थाना क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर चोरी होने का पहला मामला सामने आया है जिसमें चोरों ने ग्राम धर्गा में 7, 8 मकान पर चोरी होना ग्रामीण द्वारा बताया गया है।**

सरपंच के कमरे पर भी चोरों ने कुछ माल चुराने का प्रयास किया पर वहां से चोरों को खाली हाथ ही लौटना ड़ा पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुंगर लाल धाकड़ का कहना है कि मेरे घर से 1 लाख रू, के लगभग नगदी और बच्चियों और दुल्हनों की रकम शामिल है। 10-12 लाख रुपए का माल चोरी कर चोर साथ में मेरी लाइसेंसी भरमार बंदूक भी लेकर गए। अमोल सिंह धाकड़ के घर पर भी चोरों ने 10000 नगद 60-70, रु, की रकम चुराई चोरों ने आगे जाकर एक गांव का मुल्ला धाकड़ बाथरूम के लिए रात में उठा था। उसने देखा कि इतने लोग इधर से कहां आ रहे हैं वह बोला कौन हो तो चोरों के एक साथी ने आकर उस पर बंदूक तान दी की चल अंदर घर में बंद हो जा वरना फेड़ दूंगा वह व्यक्ति डर कर अंदर अपने मकान में चला गया और चोर सारा माल लेकर रफूचक्कर हो गए दूसरी रात में ग्रामीण सारी रात जागते रहे।

**इनका कहना है -**

चोरों ने 7 -8 जगह के घर पर चोरी की है जिसमें अभी पूरा खुलासा नहीं हो पाया है किसके यहां कितना कितना माल चोरी हुआ है।

बीडी सिंह,थाना प्रभारी मुरवास

# क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर होगी कड़ी सुरक्षा, अमले को दिया प्रशिक्षण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन को शांति पूर्वक संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहता है किसी भी तरह से मतदान केदो पर अशांति व डर का माहौल मतदाताओं को ना हो वह भयमुक्त होकर मतदाता अपने मताधिकार अधिकार का प्रयोग करें उसको लेकर शुक्रवार को



एलबीएस कॉलेज में विधानसभा निर्वाचन में अनुसंलग्न पुलिस कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर लालचंद राजपूत, आर. के. दुबे, मनोज शर्मा, संघप्रिय गौतम द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया तथा अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार त्रिपाठी ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को चुनाव निष्पक्ष, रुप से संपन्न करने के दायित्वों से अवगत करते हुए पुलिस की भूमिका कैसी रहेगी क्या-क्या काम करना है कहां का मौजूद रहना है अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करना है विस्तार से जानकारी दी वही निर्वाचन अधिकारी ने हर्षल चौधरी आदि मौजूद थे।

# तहसील कार्यालय से फिर हुई मोटरसाइकिल चोरी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

**ऐसा लग रहा है कि शहर में एक बार फिर मोटरसाइकिल चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। कुछ दिन पहले ही थाने के सामने से एक मोटरसाइकिल चोरी हुई थी अब एक बार फिर तहसील कार्यालय से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है।**



हैरानी की बात तो है कि जिस समय मोटरसाइकिल चोरी हुई और समय तहसील कार्यालय के बाहर लगा कैमरा भी बनता इसके कारण मोटरसाइकिल चोर की तस्वीर भी कैमरे में कैद नहीं हो पाई। फरियादी नीरज विश्वकर्मा निवासी सियलपुर दोपहर 1:30 बजे के करीब तहसील कार्यालय में अपना काम करवाने के लिए गया था तभी उनकी मोटरसाइकिल तहसील परिसर में खड़ी हुई थी अंदर से वह बाहर आए तो देखा कि उनकी टीवीएस मोटरसाइकिल मौके से गायब हो गई फिर उन्होंने तहसील कार्यालय में लगे कैमरा से चोर को खोजने की कोशिश की तो कैमरे बंद होने की बात सामने इसके बाद थाने पहुंचकर तहसील कार्यालय से मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की छानबीन करके कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# आचार संहिता का पालन करते हुए मनाएं नवरात्रि का त्यौहार : एसडीओपी त्रिपाठी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

**नवरात्रि और दशहरे के पर्व को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक हुई जिसको लेते हुए एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण व सद्भावना के साथ हमेशा की तरह इस बार भी त्यौहार मनाऐ चुनाव को लेकर आचार प्रभावी है इस बात का भी सभी लोग ध्यान रखें उसके दायरे में रहकर ही आयोजन करें जितनी भी झांकियां स्थापित हो रही है उन सब की सूची तथा समिति में शामिल सदस्यों लोगों की जानकारी उपलब्ध करा दे।**



ट्रैफिक की समस्या से कब मिलेगी मुक्ति

जिससे कि किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न ना हो हमारी तरफसे सुरक्षा को लेकर हर संभव व्यवस्था हमारे द्वारा की जाएगी मुख्य झांकियां पर पुलिस वाले भी तैनात रहेगा लगातार पेट्रोलिंग होती रहेगी इसके अलावा त्यौहार पर बिजली साफ सफाई के संबंध में भी दिशा निर्देश संबंधित बिभागों के अधिकारियों को दिए गए वहीं शांति समिति की बैठक में हर बार की तरह इस बार भी ट्रैफिक का मुद्दा छाया रहा गणमन नागरिकों ने कहा कि मुख्य बाजार से लेकर अधिकांश मार्गो पर दिनभर यातायात पुलिस गायब रहती है। इसकी वजह से भारी वाहनों का प्रवेश निरंतर जारी रहता है। इसके चलते सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का भी समाधान करवाया जिस पर एसडीओपी ने कहा कि हमारे तरफसे हर संभव प्रयास किए जाएंगे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को इस व्यवस्था को ठीक करने के संबंध में निर्देश दिए जाएंगे साथ ही लिंग रोड बना रहा है मार्ग पर अभी भी भारी वाहनों का प्रवेश जारी है, बस भी दौड़ने लगी है। इनको बायपास मार्ग से निकलवाने की बात भी की गई है। शहर में 25 से 30 स्थान पर झांकी स्थापित होगी जिनमें 7 से 8 स्थान पर बड़ी झांकी लगेगी साथ ही मंदिरों पर भी माता रानी को जल अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में माता बहन है प्रतिदिन जाएगी यहां पर भी सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। दूसरी ओर झांकियां स्थलों पर भी समिति संचालकों के द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। मूर्तिकारों के द्वारा भी मूर्तियों को अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है। एक दिन का समय शेष बचा है।

**मेट्रो एंकर** किसका है समिति को आर्शिवाद प्राप्त ,महामाया समिति द्वारा मरीजों को एक समय दिया जा रहा है भोजन

# सिरोंज के शासकीय अस्पताल राजीव गांधी जन चिकित्सालय में भोजन के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार

**सिरोंज, सईद खांन दोपहर मेट्रो**

नगर के शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को निःशुल्क पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराए जाने की शासन की योजना पर ठेकेदार और अस्पताल प्रबंधन मिलकर पलीता लगा रहे हैं। शासन की मंशा है कि अस्तपाल में मरीजों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा खाने के नाम पर केवल औपचारिकता ही पूरी की जा रही है। मरीजों को जो खाना उपलब्ध कराया जा रहा है उसमें न तो दाल ढंग की है और न ही सब्जी। रोटियां भी आधी सिकी हुई होती हैं। मालूम हो कि सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को निःशुल्क पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य विभाग की ओर से अधिकृत महामाया समिति द्वारा दिया जाता है। लेकिन अस्पताल में भर्ती मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं सिर्फकागजों में ही पूरी की जा रही हैं। हमारी पड़ताल के दौरान बड़ा खुलासा सामने आया है हमारी टीम ने अस्पताल में भर्ती मरीज बुंदेल सिंह से भोजन के विषय में जब बात की तो उन्होंने जो बताया वह चौंकाने वाला है। श्री सिंह मिडिया से बात करते हुए अचानक भावुक हो गए और रो पड़े उनके साथ में उनकी पत्नी भी रोने लगी दोनों ही कहने लगे की उन्हें करीब तीन दिन हो चूकें हैं अस्पताल में भर्ती हुए, लेकिन अभी तक एक भी दिन दोनों टाइम भोजन नहीं मिला है और जो भोजन मिलता है उसमें भी जली हुई दो रोटी एवं पानीदार दाल दी जाती है। नाश्ते की तो बात ही छोड़िए नाश्ते के नाम पर सिर्फआधा चम्मच दलिया दिया जाता है जो 5 साल के बच्चे का पेट भी ना भर सके। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अस्पताल में शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे निशुल्क भोजन की क्या स्थिति है। एक तरफ जहां शासन, प्रशासन बड़े-बड़े दावे कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर जिम्मेदारों की मिली भगत से योजनाओं को पलीता लगाने में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।



जली हुई रोटी एवं पानीदार दाल

**इनका कहना है**

यदि महामाया समिति द्वारा गुणवत्ता युक्त भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तो हम जांच करवा रहे हैं जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अमित भेदिया,बीएमओ

**भोजन में मिलने वाली सुविधाएं**

अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार भोजन में सुबह के समय चाय के साथ बिस्किट या तोश मरीजों को उपलब्ध कराया जाता है तो वही 9 बजे दूध एवं दलिया मरीजों को दिया जाता है। दोपहर में पौषक युक्त भोजन एवं रात्रि में भी उच्च गुणवत्ता युक्त भोजन मरीजों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन सिरोंज के राजीव गांधी जन चिकित्सालय में यह सुविधा सिर्फकागजों में ही उपलब्ध हो रही है धरातल पर गायब हैं।

## मरीजों को दोपहर में सिर्फनाश्ता शाम को दिया जा रहा भोजन

अस्पताल प्रबंधन द्वारा जिस संस्था को भोजन के लिए काम दिया गया उक्त संस्था सिर्फअस्पताल में भर्ती मरीजों को शाम के समय ही भोजन उपलब्ध कराती है। उसमें भी भारी अनिमिताएं देखी जा सकती हैं। 2 दिन से अस्पताल में भर्ती मरीज नोनितराम का कहना है कि सुबह सिर्फपानीयुक्त चाय एवं दोपहर में आधा चम्मच दलिया एवं शाम को ही भोजन दिया जाता है। यदि नाश्ते की बात करें तो दलिया इतनी कम मात्रा में दिया जाता है कि 5 साल के बच्चे का भी पेट ना भरे। वहीं उन्होंने बताया कि जब हमारे द्वारा भोजन वितरण करने वाले से इस विषय पर बात की गई तो उन्होंने सीधे मुंह बात करना भी उचित नहीं समझा, बल्कि यह कहने लगे की यदि अच्छा भजन चाहिए तो घर से लेकर आइए यहां जो हमें ऊपर से निर्देश दिए गए हैं उतना ही भोजन दिया जा सकता है। अब यह समझ से परे है कि आखिर ऊपर से कौन निर्देश दे रहा है और किसके निर्देश पर भोजन में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसके कारण शासन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले निशुल्क भोजन में भी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। भोजन के नाम पर मिलावटी दूध - जन चिकित्सालय में भर्ती प्रसूताएं भोजन के नाम पर कुछ बोलने से किनारा कस रही हैं, मगर वहां से निकलने वाली प्रसुताओं की बात सुनकर ही हैरत में हैं। उनका कहना है कि भोजन छोड़िए यहां तो कोई व्यवस्था ही नहीं है। कटरा बाजार की सलीमाबानों को बिटिया पैदा हुई है। वह तीन दिनों तक भर्ती रही हैं। इसके अलावा बगरोदा निवासी सविता को बच्चा पेंदा हुआ है। दोनों ही अस्पताल में भर्ती रही हैं। भोजन के विषय में उनका कहना है की अस्पताल में सिर्फभोजन के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है महिलाओं को ना तो समय पर भोजन दिया जा रहा एवं ना ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही है यदि दूध की बात की जाए तो दूध में दूध कम पानी ज्यादा दिखाई देता है।

## आज महामुकाबला : दोनों टीमों ने किया अभ्यास, रणनीतियां बनीं

# भारत और पाक के बीच अहमदाबाद भिड़ंत पर नजरें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**जब भी भारत और पाकिस्तान के मैच होते हैं तो दोनों टीमों के खिलाड़ी लगभग एक जैसा ही बयान देते हैं और कहा जाता है कि हम भारत-पाकिस्तान के मैच को आम मैच की तरह लेते हैं। लेकिन असल बात तो यह है कि इस मैच का दबाव अलग ही होता है। मैदान पर उसका असर भी दिख जाता है। आज एक बार फिर दोनों टीमों की टक्कर होने वाली है।**




दोनों टीमों मानसिक व शारीरिक अभ्यास में जुटी हैं। दोनों टीमों के बीच मीटिंग में रणनीतियां बन रही हैं लेकिन सभी यह जानना चाहते हैं कि भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान के ड्रेसिंग रूम में क्या होता है। भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तानी टीम की ड्रेसिंग रूम में क्या चर्चा होती है।

### ड्रेसिंग रूम... वसीम कर चुके हैं खुलासा

इसके बारे में वसीम अकरम ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह खेलते थे तो 10 मिनट की मीटिंग में 9 मिनट सिर्फ सचिन तेंदुलकर के बारे में ही बात होती थी। हो भी क्यों ना, सचिन वो खिलाड़ी रहे हैं जिसने पाकिस्तान को हमेशा परेशान किया है। 1992, 2003 और 2011 वर्ल्ड कप में हुए भारत-पाक के मुकाबले में सचिन तेंदुलकर मैन ऑफ द मैच थे। तो साफ है कि पाकिस्तानियों के अंदर सचिन का कितना खौफ था। इसके साथ ही पाकिस्तान गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों को चोटिल करने के प्लान से भी उतरते हैं। उनका फोकस शरीर पर गेंद मारने का होता है। एक बार खुद शोएब अख्तर ने यह खुलासा किया था।



### अब फोकस किस पर ?

अब भारतीय टीम के हालात अलग है। लेकिन पाकिस्तान का फोकस अभी भी सिर्फ और सिर्फ भारतीय बल्लेबाजों को रोकने पर होता है। पहले सिर्फ सचिन थे लेकिन अब एक से बढ़कर एक धुरंधर हैं। रोहित शर्मा को आउट करने पर विराट कोहली कूट देंगे। विराट नहीं चले तो केएल राहुल हैं। शुभमन गिल हैं, हार्दिक पंड्या हैं। गेंदबाजी में कुलदीप यादव ऐसा हथियार है जिसका पाकिस्तान को पास तोड़ ही नहीं है। अब पाकिस्तान टीम को हर किसी के लिए अलग प्लान बनाना पड़ता होगा।

## महामुकाबले में बारिश बन सकती है बॉस



**अहमदाबाद एजेंसी।**

**आज और 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में बादल छाए रहने के बीच हल्की बारिश के पूर्वानुमान ने क्रिकेट प्रेमियों को चिंतित कर दिया है। आज दोपहर भारत व पाकिस्तान के बीच महामुकाबला होने वाला है। मगर मौसम विभाग ने वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ ) के चलते बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। अगर ऐसा होता है तो भारत पाकिस्तान का मैच और अगले दिन गरबा आयोजन प्रभावित हो सकते हैं। मौसम विभाग की निदेशक मनोरमा मोहंती के मुताबिक, अहमदाबाद में 14 और 15 अक्टूबर को बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश हो सकती है।**

बताया जाता है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण अहमदाबाद जिले में हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान उत्तर गुजरात के कुछ जिलों में बारिश होगी। गुजरात में मशहूर मौसम जानकर अंबालाल पटेल ने काफी पहले बारिश की चेतावनी दी थी। उनके अनुसार ठंड-गर्मी, बारिश और तूफान एक साथ देखने को मिलेगा, चूंकि अंबालाल पटेल ने नवरात्रि में बारिश की भविष्यवाणी की है, इसलिए खिलाड़ी और आयोजक चिंतित हैं। पटेल ने नवरात्रि के दौरान बारिश खलल डालेगी। पटेल ने भारत पाकिस्तान मैच के प्रभावित होने का अनुमान व्यक्त किया है। उनके मुताबिक बारिश के कारण तटीय इलाकों में भारी हवाएं भी चलने की संभावना है। तेज हवाओं के कारण सुबह और रात में ठंड का अहसास होगा।



## बीसीसीआई का वादा पानी-पानी, दर्शकों को स्टेडियम में खरीदना पड़ी महंगी बोतलें

**लखनऊ, एजेंसी।** बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान स्टेडियम में दर्शकों को फ्री पानी देने की घोषणा की थी। इसके बाद फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। बोर्ड के इस फैसले की हर तरफ तारीफ हो रही थी।क्योंकि स्टेडियम में मैच के दौरान काफी महंगा पानी खरीदने की मजबूरी होती है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के मुकाबले में कुछ और ही देखने को मिला। यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मैदान पर यह टूर्नामेंट का पहला मुकाबला भी था। मगर अब सामने आया है कि दर्शकों को यहां पैसे अदाकर ही पानी लेना पड़ा।

बताया जा रहा है कि साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच के दौरान इकाना स्टेडियम में पैसे से पानी मिल रहे थे। सोशल मीडिया पर दर्जनों फैंस ने इसका दावा किया है। कई ने वीडियो भी शेयर किए हैं, जहां फ्री वाटर लिखा तो है लेकिन वहां कुछ भी नहीं है। फैंस का दावा है कि पानी की बोतल 100 रुपये की मिल रही थी। वहीं 10 से 20 रुपये में एक ग्लास पानी मिल रहा था। फैंस ये भी दावा कर रहे हैं कि एक समय ऐसा आया जब घंटों तक पैसे देने के बाद भी पानी नहीं मिल रहा था। हालांकि इस पर बीसीसीआई ने कोई रिएक्ट नहीं किया है।

## सचिन तेंदुलकर अहमदाबाद पहुंचे, टीम इंडिया को सपोर्ट करने के लिए अनुष्का शर्मा भी पहुंचीं

**अहमदाबाद, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर अहमदाबाद पहुंच गए हैं। सचिन के अलावा दिनेश कार्तिक और अनुष्का शर्मा भी शनिवार (14 अक्टूबर), यानी आज सुबह पहुंचे। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला आज दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा। मैच की शुरुआत अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दोपहर 2.00 बजे से होगी। टॉस आधे घंटे पहले यानी दोपहर 1.30 बजे होगा।





## पाक को उबारने के चक्कर में खुद डूबने लगा चीन

### मेट्रो बाजार



**नईदिल्ली, एजेंसी**

चीन की अर्थव्यवस्था लगातार लुढ़कती जा रही है। कभी दुनिया की फैक्ट्री कहलाने वाला चीन मुश्किलों में फंसा है। चीन में नौकरियां खत्म हो रही है, जनसंख्या बूढ़ी हो रही है। चीन की कंपनियों पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। वहीं रियल एस्टेट का कारोबार ठप पड़ रहा है। कारोबार में चीनी सरकार के दखल के कारण विदेशी कंपनियों ने भी चीन से मुंह मोड़ना शुरू कर दिया है। चीन की इस हालात पर दुनियाभर की निगाहें टिकी है। भले ही चीन आपने पत्ते न खोल रहा हो, लेकिन इसकी बिगड़ती हालत अब झलकने लगी है। निर्यात के ताजा आंकड़ों ने तो मुश्किल और बढ़ा दी है।

**चीन की इकॉनमी को लगा एक और झटका:** चीन की इकॉनमी पहले से खस्ताहाल है। ऊपर से निर्यात के आंकड़ों ने चीन की मुश्किल और बढ़ा दी है। चीन के निर्यात के आंकड़ों से मुश्किल बढ़ी है। दुनिया में चाइनीज सामानों के घटते क्रेज ने उसकी मुश्किल और बढ़ा दी है। निर्यात के आंकड़ों पर गौर करें तो सितंबर में चीन का निर्यात लगातार पांचवीं बार घटा है। सितंबर महीने में चीन के निर्यात में आई गिरावट चीनी सरकार की मुश्किल बढ़ा रहे हैं। सितंबर में निर्यात लगातार पांचवें महीने में गिरावट के साथ 6.2 फीसदी घटकर 229.13 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। कमजोर वैश्विक मांग के चलते चीन के निर्यात में कमी आई है।

**चीन के सामने चुनौती:** कोरोना महामारी और सख्त लॉकडाउन के बाद से ही चीन की अर्थव्यवस्था गिरी हुई है। कोरोना के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था, वहां का उद्योग अस्थिर अवस्था में है। इतना ही नहीं रियल एस्टेट में जारी गिरावट के कारण बाकी उद्योगों पर भी दबाब की स्थिति बनी हुई है।

## जोमैटो, मैकडॉनल्ड्स पर लगा जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन खाना ऑर्डर करने की सुविधा देने वाला मंच जोमैटो और रेस्टोरेंट भागीदार मैकडॉनल्ड्स पर शाकाहारी भोजन की जगह मांसाहारी भोजन की कथित गलत डिलिवरी के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मुकदमे की लागत के रूप में 5,000 रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाया है। जोधपुर के जिला उपभोक्ता विवाद निपटान मंच ने दोनों पर यह जुर्माना लगाया। जोमैटो ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी। मैकडॉनल्ड्स के जरिए इस ऑर्डर की डिलिवरी की गई थी। उपभोक्ता अदालत ने कहा कि जुर्माना और मुकदमे की लागत दोनों को संयुक्त रूप से अदा करना है।




ऑनलाइल फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो और मैकडॉनल्ड्स से हुई गलती के चलते उनपर ये जुर्माना लगा है। जर्माने के साथ जिला उपभोक्ता की ओर से कंपनियों को अलग से पांच हजार रुपये कोर्ट खर्च के लिए देना होगा। कोर्ट ने कंपनियों को फटकार लगाते हुए कहा कि कंपनी का काम सिर्फ केवल खाना डिलीवर करने तक ही सीमित है। खाने में क्या है, क्या नहीं, ये कंपनी की जिम्मेदारी नहीं है।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## सोनम कपूर को मिला उल्टा जवाब

फैशनेबल सोनम कपूर इन दिनों फिल्मों से दूर और सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव हैं। मगर हाल में उन्हें हताशा हाथ लगी। दरअसल वे अपने पति आनंद आहूजा के कारण सुर्खियों में आ गई हैं। आनंद आहूजा ने बीते दिन यूट्यूबर रागिनी को कानूनी नोटिस भेजा था। इस सात हजार फॉलोअर्स वाली यूट्यूबर पर आनंद ने ऑनलाइन उनकी और उनकी पत्नी की इमेज को खराब करने का आरोप लगाया। वहीं, नोटिस के बाद रागिनी की फैन फॉलोइंग काफी बढ़ गई। साथ ही रागिनी ने वापस से कपल का मजाक उड़ा दिया। रागिनी ने कुछ महीने पहले सोनम कपूर के पब्लिक में दिए गए एक बयान का मजाक उ?ाते हुए उन पर निशाना साधा था, और उन्हें काफी रोस्ट किया था। वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कंटेंट क्रिएटर रागिनी, जिन्हें सोनम कपूर को रोस्ट करने के चक्कर में उनकी ऑनलाइन कंपनी, जो अभिनेत्री का इंटरनेट पर रेप्यूटेशन मैनेजमेंट देखता है, उनकी तरफ से एक नोटिस गया था। गौरतलब है कि सोनम फिल्मो से दूर ही हैं और शादी के बाद पति व बच्चे के साथ वक्त बिता रही हैं।



**कॉमेडी से चार चांद लगा चुके हैं**

## दो सौ फिल्मों का कलाकार अब बेरोजगार !



हिंदी सिनेमा में कई कॉमेडियन्स हैं, जिन्होंने दर्शकों को खूब गुदगुदाया हैपर कुछ इनमें से ऐसे हैं, जिनकी पहचान और नाम, दोनों ऑडियन्स के दिल में घर कर गई हैं। टीकू तल्सानिया उन्हीं में से एक कॉमेडियन हैं जो 'अंदाज अपना अपना' और 'कुली नं 1' में अपनी कॉमेडी से फिल्म में चार चांद लगा चुके हैं। मगर टीकू आज के समय में बेरोजगार हैं। जबकि दो सौ से ज्यादा फिल्में इन्होंने अपने करियर में की हैं, पर अभी वक्त ऐसा चल रहा है कि इन्हें काम तक नहीं मिल पा रहा है. ऑडिशन्स दे रहे हैं, लेकिन लगातार रिजेक्शन फेस करना पड़ रहा है। टीकू ने एक अंग्रेजी अखबार को इंटरव्यू में यही दर्द बयां किया है। एक्टर का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री जितनी तेजी से आगे बढ़ रही है, वो उसमें समाने की कोशिश कर रहे हैं उसे एक्सेप्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। मगर – मैं आज के समय में थोड़ा जॉबलेस हूं. अच्छे रोल्स पाने के लिए ऑडिशन दे रहा हूं, लेकिन कुछ हाथ नहीं लग पा रहा है। टीकू कहते हैं कि –मैं दरअसल गुजराती हूं. पिछले कई सालों से मैं गुजराती थिएटर में एक्टिव हूं। बल्कि यह कहना सही होगा कि मैंने अपने करियर की शुरुआत गुजराती प्ले करके ही की थी। आज के समय में अगर कोई काम मेरे पास आता है तो मैं उसे मना नहीं करता। उसके साथ आगे बढ़ने का सोचता हूं पिछले कुछ समय से मेरे पास काम नहीं आ रहा है. मेरे लिए खुद के लिए काम ढूंढना काफी मुश्किल होता जा रहा है।

## भतीजे से चाचा तक रोमांस



बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा को आमिर खान के भांजे इमरान खान संग 'जाने तू या जाने ना' फिल्म में इश्क लड़ाते हुए सबने देखा ही है। अब 15 साल बाद वो आमिर संग आशिकी करने जा रही हैं। बताया जा रहा है कि आमिर की कमबैक मूवी 'सितारे जमीन पर' में जेनेलिया डिसूजा को कास्ट किया गया है। आमिर ने हाल ही में अपनी नई फिल्म का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि ये फिल्म 'तारे जमीन पर' की तरह ही होगी, लेकिन उससे 10 कदम आगे। वेबसाइट पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने दावा किया है कि पूरी तरह से डिस्कस करने के बाद जिनेलिया को बोर्ड पर लाया गया है। आमिर खान का मानना है कि जेनेलिया एक स्ट्रॉन्ग इंडिपेंडेंट महिला की भूमिका में 'दस्ताने में हाथ' की तरह फिट बैठती हैं। डायरेक्टर से चर्चा करने के बाद आमिर ने जेनेलिया को लीड एक्ट्रेस के रूप में फिल्म में शामिल कर लिया है। आमिर अपनी पिछली फिल्म लालसिंह के फ्लाप होने के बाद फिल्मों को लेकर बहुत सतर्क हैं।



### शोर मचाने पर पड़ोसी के पोर्च पर चप्पल छोड़कर भागे दोनों बदमाश

# महिला के मकान पर चोरों का धावा लाखों के जेवरात समेटकर भागे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**गोविंदपुरा थानांतर्गत गौतम नगर में रहने वाली एक महिला के मकान पर चोरों ने धावा बोला और लाखों रुपये कीमत के जेवरात और नकदी समेत अन्य सामान समेट लिया। खटपट की आवाज सुनकर महिला की नींद खुली को कमरे की कुंडी बाहर से बंद मिली। बाथरूम का दरवाजा खोलकर महिला ने छत पर जाकर देखा तो दो बदमाश भागते हुए नजर आए।**

शोर मचाने पर पड़ोसी जाते तो पता चला कि बदमाश एक जोड़ी चप्पल छोड़ गए हैं। बदमाशों ने मकान के ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाले एक युवक के कमरे का भी ताला तोड़ दिया था। हालांकि वह वहां से क्या सामान चोरी कर ले गए, इसका खुलासा नहीं हुआ है।

पुलिस के मुताबिक विभा जोशी पत्नी चंद्रशेखर (63) गौतम नगर स्थित किराए के मकान में पहली मंजिल पर रहती हैं। इसी मकान के ग्राउंड फ्लोर पर कृष्णांशु गौतम नामक युवक किराए से रहता है। गुरुवार की रात वह अपने दोस्त के घर चला गया था। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे खटपट की आवाज सुनकर विभा की नींद खुली तो उन्होंने कमरे से बाहर निकलने का प्रयास कमरा बाहर से बंद मिला। उसके बाद वह अटैच बाथरूम के दरवाजे से दूसरे कमरे से होकर छत पर पहुंची तो दो व्यक्ति मकान के पीछे भागते हुए दिखाई दिए। उन्होंने चोर-चोर की आवाज लगाकर शोर मचाया तो पीछे रहने वाले सक्सेना की नींद खुली। उन्होंने अपने पोर्च में पड़ी एक जोड़ी चप्पल देख तुरंत ही डायल 100 को फोन लगाया। हालांकि बदमाशों का कुछ पता नहीं चल पाया।

#### लाखों के जेवरात और नकदी ले उड़े बदमाश

विभा ने पुलिस को बताया कि कमरे में वापस लौटने के बाद देखा तो डायनिंग टेबल पर रखे उनके पर्स का सामान बिखरा पड़ा था। पर्स में रखा सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, सोने की चार अंगूठियां, करीब 7 हजार रुपए नकद नहीं थे। बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारियों के ताले भी तोड़ डाले थे। उसमें रखा रियल मी कंपनी का मोबाइल फोन, तीन स्वेटर और आर्टिफीशियल ज्वैलरी गायब थी, जबकि चांदी के जेवरात बदमाश छोड़ गए थे। नीचे जाने पर पता चला कि बदमाशों ने ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाले कृष्णाशु के कमरे का भी ताला तोड़कर चोरी की थी। उसके कमरे से क्या सामान चोरी हुआ, इसका खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## घर में घुसकर चोरी करने वाले आरोपी को 1 साल की जेल

**भोपाल।** घर में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को न्यायालय ने एक साल के सश्रम कारावास और दो हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट मजिस्ट्रेट भारत सिंह रघुवंशी की अदालत ने सुनाया है। कोहेफिजा पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण में न्यायालय ने आरोपी बंटी उर्फ इब्राहिम को उक्त सजा सुनाई है।

लोक अभियोजन के अनुसार, फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 जुलाई 2013 को वह अपने घर का ताला लगाकर दिल्ली गया था, जब 08 अगस्त 2013 को वापस आया तो मकान के नीचे की बाउंड्रीवॉल टूटी हुई थी। घर का दरवाजा भी टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। जब घर का सामान चेक किया तो पता चला कि सोने का हार, चादी के जेवर, टाईटिन की तीन घड़ीऔर नगदी चार हजार रुपये, 786 नंबर का लॉकेट एवं लाईसेंसी रिवाल्वर के कारतूस गायब थे।

**न्यायालय ने दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया**



## आरोपी से देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद

**भोपाल।** बैरागढ़ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी कट्टा और



जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में मामला दर्ज कर आरोपी से कट्टा और कारतूस के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक सीहोर नाका के पास अवैध हथियार लिये घूम रहा है जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक मे है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते सीहोर नाका के पास संदिग्ध को देखकर पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास। पुलिस ने पीछा करते हुए आरोपी को दबोच लिया। तलाशी ली गई तो उसके पास से एक 12 बोर का देश्ट्टी व एक जिंदा कारतूस मिला। पूछातछ में आरोपी ने अपना नाम विक्की गोंडिया उर्फ पाण्डया पिता हीरालाल उर्फ अरूण (35) मोची मोहल्ला स्टेशन रोड बैरागढ बताया। आरोपी विक्की गोंडिया उर्फ पाण्डया पर पूर्व में बैरागढ़ थाने में आर्म्स एक्ट के 04, जुआ का 01, आबकारी एक्ट का 01 एवं मारपीट का 01 अपराध पंजीबद्ध है।

## जहरीला पदार्थ पीने से महिला की मौत

**भोपाल।** हनुमानगंज इलाके में एक महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक आकांक्षा (20) इब्राहिमगंज में रहती थी और गृहणी थी। गुरुवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था। पुलिस को दिए मृत्युपूर्व बयान में आकांक्षा ने बताया कि गलती से कोई जहरीली चीज खा ली थी। इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



## आग से झुलसे युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**भोपाल।** शाजहांनाबाद में रहने वाले एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह सिगरेट जलाते समय आग से झुलस गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पुलिस के मुताबिक अजय पंथी (27) शाहजहांनाबाद में रहता था और कबाड़े का काम करता था। परिवार में पत्नी के अलावा छह साल की बेटी और चार साल का बेटा है। पिछले दिनों उसे कबाड़े में एक फॉम स्प्रे मिला था। बीती सात अक्टूबर को वह बच्चों के साथ मस्ती करते हुए फॉम स्प्रे कर रहा था। कुछ देर बाद बच्चे कमरे से बाहर चले गए तो अजय ने दरवाजा बंद कर लिया और सिगरेट जलाने लगा। लाइटर जलाते ही कमरे में फॉम स्प्रे की गैस के कारण आग लग गई। चीखने की आवाज सुनकर परिजन दौड़े तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। किसी तरह दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां शुक्रवार सुबह अजय ने दम तोड़ दिया।

## बाल विवाह मुक्त भारत, झुग्गी बस्तियों में लोगों को पुलिस ने किया जागरुक

**भोपाल , दोपहर मेट्रो**

**भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विगत वर्ष से निरंतर बाल सुरक्षा, महिला सुरक्षा, सायबर सुरक्षा तथा बाल विवाह इत्यादि विषयों पर विभिन्न क्षेत्रों और बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।**

इसी कड़ी में पुलिस द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के सहयोग से बाल विवाह मुक्त भारत (सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत) अभियान के तहत कमला नगर थानांतर्गत



बलवीर नगर बस्ती में बालक-बालिकाओं एवं परिजनों को एकत्रित कर बाल विवाह का अर्थ समझाते हुये बाल विवाह के कारणों एवं दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही बाल विवाह रोकने के उपाय एवं बाल विवाह संबंधित कानूनी प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। उपस्थित बच्चियों और महिलाओं के बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त बाल अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा तथा सायबर सुरक्षा के टिप्स बताकर जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में भोपाल पुलिस की निरीक्षक शाहिदा सुल्तान (महिला सुरक्षा शाखा) मय स्टाफ, किरण पेन्ड्रो (एसजेपीयू) मय स्टाफ, एसआई मोनिका गरवाल (आईटी सेल), सूबेदार ऋतुराज वारिवा एवं कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन से हर्षित ठाकुर, सलमान मंसूरी, स्वपनिल दुबे एवं एनजीओ उदय संस्था से करुणा उपस्थित रहे।

## कार से पांच लाख रुपए बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**विधानसभा चुनाव को लेकर शहर के सीमावर्ती थानों में वाहनों की सघन चैकिंग की जा रही है। गुरुवार रात सूखी सेवनिया इलाके में चैकिंग के दौरान एक कार से 5 लाख रुपये बरामद हुए। रुपयों के संबंध में संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर पुलिस ने उक्त राशि जब्त कर ली।**

सूखी सेवनिया पुलिस के मुताबिक विधानसभा चुनाव के देखते हुए अवैध सामान का परिवहन और संदिग्धों की जांच के लिए वाहनों की चैकिंग करवाई जा रही है। गुरुवार को चैकिंग के दौरान पुलिस ने भोपाल से सूखी सेवनिया की तरफ जा रही



एक बलेनो कार को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर कार में 5 लाख रुपए रखे मिले। चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जीवन शर्मा (38) निवासी ग्राम मुंगालिया कोट बताया। कार में मिली राशि के बारे में संतोषजनक उत्तर नहीं देने पर पुलिस ने फ्लाईंग स्क्वायड दल के डिप्टी कलेक्टर आशुतोष शर्मा को सूचित करते हुए एफएसटी टीम को मौके पर बुलाया। उसके बाद उक्त राशि जब्त कर ट्रेजरी में जमा करवाई गई। यह कार्रवाई थाना प्रभारी रचना मिश्रा के साथ ही एसआई स्वाती दुबे, श्रीधर चंदेरिया, एएसआई केसी यादव, आरक्षकतिवारी और योगेंद्र ने की।


**ज्योतिष परामर्श**

*ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें*

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ
व्हाट्सएप नं. 7869267010
कॉलिंग नंबर 7415497010
shrutirawat16@gmail.com



परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए





**मेट्रो एंकर** बागसेवनिया स्थित धनवंतरी कॉलोनी के पास चार बदमाशों ने की वारदात

# रास्ता रोककर तीन दोस्तों पर चाकू से हमला, एक की मौत दूसरा गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बागसेवनिया स्थित अमराई परिसर में धनवंतरी पार्क के पास बीती रात चार बदमाशों ने बाइक सवार तीन युवकों को रोक लिया।**

आरोपी उनका रास्ता रोकने के बाद उनसे इतनी रात में वहां से गुजरने का कारण्प पूछने लगे। युवकों ने विरोध किया तो आरोपियों ने तीनों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। तीनों को एम्स ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत् हो गई, जबकि उसके दो साथियों को गंभीर चोट हैं। पुलिस के अनुसार शुभम (17) अमराई परिसर बागसेवनिया में रहता था। शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने दोस्तों में वैभव और आदित्य के साथ चाय पीकर लौट रहा था। इसी दौरान धनवंतरी कॉलोनी के पास



अरुण, जंबू, रोहित और दीपक मिले। आरोपियों ने तीनों से पूछा कि इतने रात में कहां से आ रहे हैं। इस बात को लेकर शुभम, वैभव और आदित्य ने आरोपियों का विरोध किया था। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने शुभम, वैभव और आदित्य के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। तीनों को गंभीर रूप से घायल होने के बाद एंबुलेंस की मदद से एम्स अस्पताल ले जाया गया था। एम्स में इलाज के दौरान तड़क सवा तीन बजे के आसपास मौत हो गई।

#### इलाके के बदमाश है आरोपी

पुलिस ने बताया कि तरुण जंबू, रोहित और दीपक इलाके के पुराने बदमाश हैं। उन पर पूर्व में भी प्रकरण दर्ज है। आरोपी इलाके में अपनी धाक जमाने छोटी मोटी मारपीट की घटनाएं और अड़ीबाजी करते रहते हैं।देर रात पुलिस ने उनके ठिकानों पर दबिश दी थी, लेकिन आरोपी नहीं मिले आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022